दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शनिवार 24 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 314 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## सिपाही भर्ती : पहले दिन नौ हजार अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा



**प्रयागराज।** जनपद में कुल 63 केंद्रों पर परीक्षा की शुरूआत शुक्रवार से हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। जनपद में दोनों पालियों में से प्रत्येक में 22,872 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। सिपाही भर्ती 2024 के लिए शुक्रवार को जनपद में हुई परीक्षा में लगभग नौ हजार अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। हालांकि कुल उपस्थिति करीब 80 फीसदी रही। पहले दिन परीक्षा में कुल 36500 अभ्यर्थी शामिल हुए। अफसरों का दावा है कि दो पालियों में हुई परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई।

जनपद में कुल 63 केंद्रों पर परीक्षा की शुरूआत शुक्रवार से हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित की गई। जनपद में दोनों पालियों में से प्रत्येक में 22,872 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इस तरह से पहले दिन कुल 45,744 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। इनमें से लगभग 36500 के करीब अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि नौ हजार ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के लिए हर केंद्र पर पांच पुलिसकर्मी तैनात रहे जबकि इनके पर्यवेक्षण के लिए दो एसीपी स्तर के अधिकारियों को लगाया गया था।

इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित एसीपी व थाना प्रभारी अपने-अपने सर्किल/क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहे। सिपाही भर्ती परीक्षा के नोडल डीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है।

# विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बनाई रणनीति

## सांसद, विधायकों, अध्यक्ष मंडल, मंडल प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, मंडल संयोजक, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, मोर्चा के प्रमुख से किया मुख्यमंत्री ने सीधा संवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में मौजूद रहे। उन्होंने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सरकार और संगठन के बीच समन्वय मजबूत बनाने का संदेश दिया। तो वहीं लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख मोर्चाओं के अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों के साथ ही पांचो मंडल के संयोजकों और भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद के विधानसभा उपचुनाव प्रभारी क्षेत्रीय महामंत्री के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सांसद, पूर्व सांसद, विधायकों, महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी, मोर्चा व प्रकोष्ठ अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, प्रभारी वार्ड, अध्यक्ष प्रवासी, कार्यकर्ता, हारे जीते पार्षदों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया और उनको आगामी उपचुनाव को लेकर संदेश दिया कि वह अति आत्मविश्वास में ना रहें। लोकसभा चुनाव से पार्टी सबक ले और जमीनी स्तर पर काम करते हुए पार्टी और संगठन को मजबूत बनाए। इस दौरान उन्होंने इस बात का भी इशारों ही इशारों में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संदेश देने का काम किया कि आगामी जो भी चुनाव हो उसमें लोगों को घरों से निकलने का पूरा प्लान बनाया जाए ताकि पार्टी को विजय हासिल कराई जा सके। लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में संगठनात्मक बैठाक में कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के लिए मुख्यमंत्री शुक्रवार को भारी बारिश के बीच लगभग 12:39 पर पहुंचे थे और कार्यक्रम 1:56 से अधिक तक चला। एक घंटे से अधिक चले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के प्रमुख नेताओं स्थानीय सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, संगठन और सरकार के नजरिए से शीर्ष कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की।

## हिंदी भवन में एक घंटे से अधिक रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ







### महापुरुषों को पुष्पांजलि के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम



**करंट क्राइम।** शुक्रवार को हिंदी भवन में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव की तैयारी को लेकर सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए गाजियाबाद महानगर द्वारा आयोजित संगठनात्मक व्यवस्था के मद्देनजर जो बैठक की गई थी, उसकी शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के साथ हुई। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले हिंदी भवन में पहुंचकर मंच पर लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की और इसके बाद सीधे कार्यक्रम में शामिल हो गए।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ने किया बारी-बारी स्वागत



**करंट क्राइम।** हिंदी भवन लोहिया नगर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे पहले स्वागत क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने पुष्प कुछ देकर किया। इसके बाद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने गुलदस्ता भेंट करते हुए बारी-बारी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया।

### बूथ लेवल पर अवश्य करा जाए होमवर्क : सत्येंद्र सिसोदिया



**करंट क्राइम।** इस दौरान हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि कार्यकर्ता अपने लिए आवंटित कार्य तो पूरा करें ही, साथ ही बूथ लेवल पर होमवर्क अवश्य करें। अपने 60% मतदान को 80% में बदलना है। इसी से पार्टी में बदलाव और संगठन मजबूत होगा। साथ ही उन्होंने कहा है कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सफल संदेश देते हुए भविष्य की योजनाओं पर तैयारी करें।

### मुख्यमंत्री कर गए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गाजियाबाद में थे, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने मंच संचालन के दौरान कहा कि वह पिछले 5 वर्ष में लगभग एक दर्जन से अधिक बार मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का मंच संचालन कर चुके हैं। उनके लिए यह अवसर बेहद महत्वपूर्ण होता है। साथ ही जिस तरीके से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करते हैं वह देखने वाला होता है। मंच से इस दौरान संजीव शर्मा ने कहा कि भारी बारिश के बीच मौसम ने भी स्वागत किया। गाजियाबाद में शुक्रवार को जैसा सुहाना मौसम और पहली बार इतनी बारिश देखने को मिली वह देखने लायक रहा।

### भाजपा महामंत्रियों ने मुख्यमंत्री को भेंट किया, बाबा साहब का चित्र



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करने की कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के चारों महामंत्री भी मंच पर नजर आए। इस दौरान महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी और सुशील गौतम ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का चित्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया।

### 506 बूथ और 32 वार्ड और 5 मंडल पर हो रहा है धरातलीय कार्य : हरि ओम शर्मा



**करंट क्राइम।** विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को हिंदी भवन में जो कार्यक्रम आयोजित किया था, उसमें महामंत्री हरि ओम शर्मा ने शहर विधानसभा का संगठनात्मक विवरण प्रस्तुत करने के साथ ही जानकारी दी की विधानसभा में 506 बूथ आते हैं। 32 वार्ड और पांच मंडल आते हैं। जिसमें संगठन ने अपना धरातलीय कार्य शुरू कर दिया है ताकि आगामी चुनाव को लेकर सभी प्रकार की प्रक्रिया पूरी की जा सके और पार्टी के आयाम को पूरा किया जा सके।

### महिला मोर्चा अध्यक्ष उदिता त्यागी से कहा घर-घर जाएं और मतदान के लिए लाभार्थियों पर भी फोकस करें



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री ने इसके बाद महिला मोर्चा की अध्यक्ष उदिता त्यागी से बातचीत की। तो पूछा क्या रणनीति है, जवाब मिला की पांचो मंडल अध्यक्ष और घर-घर बूथ स्तर तक तैयारी की जा रही है। पूरी प्रक्रिया पर बूथ के हिसाब से नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को अधिक फोकस किया जाए। हर बूथ पर 5 से 10 महिलाओं को जोड़ने का काम हो। साथ ही महिलाएं घर-घर जाएं। पुरुषों को हो सकता है कम महत्व मिले। समर्थन और मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए। लाभार्थियों पर फोकस दिलाया और कहा की लोगों में विश्वास दिलाएं कि भारतीय जनता पार्टी आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री का ओबीसी मोर्चा को आदेश, बताएं पीएम विश्वकर्मा योजनाओं का महत्व



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके बाद ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोज यादव से पूछा क्या रणनीति है। उन्होंने बताया कि 50-50 ओबीसी समाज के लोगों को जोड़ा है। सीएम योगी ने कहा इस संख्या को 100 किया जाए। मंडल बड़ा हो जाता है, इसे बूथ तक ले जाएं। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ओबीसी वर्ग की संख्या बड़ी है। उनके बीच तक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं को पहुंचाने का काम हो।

### सीएम का किसान मोर्चा अध्यक्ष को आदेश, सब्जी मंडी, सब्जी पैदा और बेचने वालों तक बढ़ाएं संपर्क



**करंट क्राइम।** इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान मोर्चा के अध्यक्ष पंकज भारद्वाज से पूछा क्या तैयारी है, किसान मोर्चा की। जवाब मिला कि शहर विधान सभा में कोई ग्राम पंचायत नहीं है। हर वार्ड में वार्ड संयोजक को बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कृषि और गौ रक्षों से मुलाकात कीजिए। सब्जी पैदा करने वालों से लेकर सब्जी बेचने वाल, सब्जी मंडी वालों से, सब्जी उत्पादन करने वालों से संपर्क करिए। उनको ओबलाइज किया जाए। उन्होंने कहा कि मंच पर बैठे भी कई लोग पूर्व में किसान थे, अब उनके अलग-अलग बिजनेस हो गए हैं, इसलिए शायद अब वह किसान कहलवाने में परहेज करते हों।

### क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शारस्वत ने भी दिए सुझाव



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री के आगमन पर हुई बैठक और संगठनात्मक योजना वाले आयोजन में क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शारस्वत ने कहा है कि अगर सहकारिता सिस्टम में अकाउंट अफसरों को बदला जाए तो इससे सिस्टम में सुधार आएगा। उन्होंने सुझाव मुख्यमंत्री के सामने दिया। वीरेंद्र सारस्वत ने कहा है कि अगर सहकारिता सिस्टम में अकाउंटेंट स्तर पर बदलाव किया जाएं, तो इससे काफी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

### योगी का युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा को संदेश, विद्यार्थी परिषद का भी लें सहयोग



**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा से पूछा कि बैठक ली गई है। इस विधानसभा की क्या रणनीति बनाई गई है। जवाब में सचिन ने कहा कि सभी बूथों पर कार्यकर्ता हैं। सभी की बैठक ली गई है। विधानसभा वार पूरा प्लान बनाया गया है। युवा मोर्चा ने शक्ति केंद्र तक काम किया है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा बूथ स्तर तक यूथ विंग को जाना होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी परिषद का भी सहयोग लिया जाए और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने के साथ उनका मतदान के लिए जागरूक किया जाए।

### मुख्यमंत्री का पांचों मंडल संयोजकों ने किया स्वागत

**करंट क्राइम।** हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पांचों मंडल संयोजक जिसमें मोनिका पंडिता, संदीप त्यागी और सुशील गौतम ने मंडल संयोजक के रूप प्रतीक चिन्ह देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया।

### अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष अनिल कल्यानी को भी सीएम का निर्देश और करें मेहनत



**करंट क्राइम।** इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कल्याणी से बातचीत की और उनको कहा कि और अधिक मेहनत की जाए। अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर पार्टी को मजबूत और आगामी विधानसभा उपचुनाव को मजबूत बनाने का काम किया जाए।

### सीएम के सामने बनी आगे की रणनीति

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंच पर थे और कार्यकर्ता सामने थे। आमने-सामने का संवाद हुआ, तो मुख्यमंत्री ने अपने सुझाव रखे और उन्होंने निर्देश दिया कि इनका आगामी विधानसभा उपचुनाव में पालन होना चाहिए। बैठक में वर्तमान जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी, मोर्चे, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रमुख, प्रभारी, वार्ड अध्यक्ष, प्रवासी कार्यकर्ता, हारे-जीते पार्षद, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में सरकार और संगठन के समन्वय पर चर्चा करते हुए एक अलग संदेश भी देने का काम किया गया है। साथ ही पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी इस बैठक में साथ लेकर एक अलग संदेश देने का काम किया गया है।

### मंच पर यह प्रमुख चेहरे आए सीएम के साथ नजर

**करंट क्राइम।** हिंदी भवन लोहिया नगर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संगठन और सरकार का तालमेल बैठाने और आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर रणनीति बनाने के लिए शामिल हुए। इस दौरान मंच के बीचोंबीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। तो उनके एक तरफ वर्तमान सांसद अतुल गर्ग, उनके बराबर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद रहे जनरल वीके सिंह, योगी आदित्यनाथ के बराबर में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया। उनके बराबर में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव, पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी, क्षेत्रीय संयोजक मयंक गोयल, मानसिंह गोस्वामी, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, धौलाना से विधायक धर्मेश तोमर के साथ ही मंच संचालक महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा कमान संभाल रहे थे। तो उनके सबसे बराबर में क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा और विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी के रूप में देखे गए। इसके साथ ही गोपाल अग्रवाल और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी भी मंच पर नजर आए।

# नेपाल में 40 यात्रियों को लेकर जा रही भारत की नंबर प्लेट वाली बस नदी में गिरी

## अब तक 18 की मौत



**काठमांडू।** मध्य नेपाल में शुक्रवार को एक भारतीय यात्री बस के मर्सियांगडी नदी में गिर जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, बस में 40 यात्री सवार थे। इस तरह चालक, सहचालक और कंडक्टर को मिलाकर बस में कुल 43 लोग थे। सभी यात्री महाराष्ट्र के बताए जा रहे हैं। बस ने 8 दिन के परमिट के साथ 20 अगस्त को रूपन्देही के बेलहिया चेक-पॉइंट (गोरखपुर) से नेपाल में प्रवेश किया था। दुर्घटना तनहुन जिले के आइना पहाड़ा में हुई। इस बीच उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त ने कहा कि नेपाल की घटना के संबंध में हम यह पता लगाने के लिए संपर्क स्थापित कर रहे हैं कि क्या बस में उत्तर प्रदेश का कोई व्यक्ति था। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

सशस्त्र पुलिस बल नेपाल आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण विद्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) माधव पौडेल के नेतृत्व में 45 कर्मियों की एक टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। बचाव अभियान शुरू किया जा चुका है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 18 शव बरामद किए गए हैं। 17 को सुरक्षित बचा लिया गया है। आठ लोग अब भी लापता हैं।

### गोरखपुर से यात्रियों को लेकर जा रही थी बस

जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर से यात्रियों को लेकर नेपाल गई एक भारतीय बस शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गई। बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। तनहुन के एसपी बीरेंद्र शाही ने हादसे की जानकारी दी है। स्थानीय पुलिस कार्यालय के निरीक्षक अबू खैरेनी मौके पर मौजूद हैं। सेना और सशस्त्र बलों को सूचित कर दिया गया है। बस का नंबर यूपी 53 एफटी 7623 बताया जा रहा है। आगे की जानकारी का इंतजार है।

### उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त ने जारी किया बयान

इस बीच उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त ने कहा कि नेपाल की घटना के संबंध में हम यह पता लगाने के लिए संपर्क स्थापित कर रहे हैं कि क्या बस में उत्तर प्रदेश का कोई व्यक्ति था। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### जुलाई में दो बसें नदी में बह गई थीं

इससे पहले इस साल जुलाई में नेपाल में दो बसों में सवार 65 लोग उफनती त्रिशूली नदी में बह गए थे।

तब काठमांडू जाने वाली एंजेल बस और गणपति डीलक्स की बस हादसे का शिकार हुई थीं। बसें काठमांडू से रौतहट के गौर जा रही थीं। घटना क्षेत्र में भारी बारिश के बीच हुई थी।

# दिल्ली के बुजुर्गों के लिए खुशखबरी, रुकी हुई पेंशन को शुरू करवा दिया' : आतिशी

**दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सीएम केजरीवाल सरकार ने लड़-लड़कर बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन को शुरू करवा दिया है। बुजुर्गों के बैंक अकाउंट में पिछले पांच महीने की पेंशन जानी शुरू हो गई है। पिछले पांच महीने से दिल्ली के बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन का इंतजार था। लेकिन अब उनका इंतजार खत्म हो गया है। राजधानी के एक लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन जाना शुरू हो गई है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि बुजुर्गों के खाते में पेंशन भेजी जा रही है। उन्होंने सोशल मीडियो पर पोस्ट में यह बात लिखी है।





आतिशी ने लिखा, 'पिछले पांच महीनों से बीजेपी की केंद्र सरकार ने दिल्ली के एक लाख बुजुर्गों की वृद्धावस्था पेंशन रोकी हुई थी। बुजुर्ग बहुत परेशान थे। अब मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सीएम केजरीवाल सरकार ने लड़-लड़कर बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन को शुरू करवा दिया है। बुजुर्गों के बैंक अकाउंट में पिछले पांच महीने की पेंशन जानी शुरू हो गई है।' वहीं, आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि एक लाख बुजुर्गों की पेंशन का पैसा पिछले पांच महीनों से रोका हुआ था। यह सभी बुजुर्ग गरीब परिवारों से आते हैं। इन बुजुर्गों को लग रहा था कि उनकी देखरेख करने वाला बेटा अरविंद केजरीवाल जेल में है तो उनकी पेंशन रुकी है। जेल में अरविंद केजरीवाल को भी इन बुजुर्गों की बहुत चिंता हो रही थी।

दिल्ली की मंत्री ने कहा जेल में होते हुए भी सीएम केजरीवाल ने भाजपा की केंद्र सरकार से लड़कर बुजुर्गों की पेंशन शुरू कराई। कल शाम तक 90,000 बुजुर्गों की पेंशन उनके खाता में जमा हुई। 10,000 बुजुर्गों की पेंशन आज शाम तक उनके खाते में जमा हो जाएगी। दिल्लीवालों के हक और अधिकारों के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार लड़ती रहेगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में बुजुर्गों को 2500 रुपये पेंशन मिलती है। इसमें से 2200 रुपये दिल्ली सरकार देती है और 300 रुपये केंद्र सरकार देती है। लेकिन इस पेंशन के कुछ नियमों की वजह से जब तक केंद्र अपना हिस्सा नहीं देता है, तब तक यह पेंशन बुजुर्गों को नहीं मिल पा रही थी। लेकिन अब हमने मोदी सरकार से लड़कर यह पेंशन दोबारा शुरू कराई है।

## न्यूज डायरी

### अमित शाह ने नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र को लेकर राहुल गांधी से पूछे 10 सवाल

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के गठबंधन पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी से 10 सवाल पूछे हैं। शाह ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की ह्यनेशनल कांफ्रेंसह्न के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है। शाह ने एनसी के घोषणा पत्र को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से 10 सवाल पूछे हैं। उन्होंने पूछा है कि क्या कांग्रेस ह्यनेशनल कांफ्रेंसह्न के जम्मू-कश्मीर में फिर से ह्यअलग झंडेह्न के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गया गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?



केंद्रीय गृह मंत्री ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ ह्यएलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं? क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है? उन्होंने कहा कि इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के वादे के साथ है? क्या कांग्रेस चाहती है कि ह्यशंकराचार्य पर्वत फिर से ह्यतख़्त-ए-सुलिमानह्न और ह्यहरि पर्वतह्न फिर से ह्यकोह-ए-मारन के नाम से जाने जाएं?

अमित शाह ने आगे पूछा कि क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस पार्टी जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर को लेकर मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को सामने रखते हुए अलग पोस्ट में कहा, मोदी सरकार ने 'आर्टिकल 370 और 35ए' हटाने के बाद वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पहाड़ियों और पिछड़ों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करके उन्हें आरक्षण देने का काम किया।

# दिल्ली में जाम तीन किमी का सफर घंटों में तय, टिकट लेने आ रहे कांग्रेस के नेता भी फंसे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आज भारी भारी के बाद कई सड़कों पर लंबा जाम लग गया। जिसकी वजह से हरियाणा से टिकट के लिए दिल्ली आए कांग्रेस के कई नेता जाम में फंस गए। अभी भी बारिश जारी है और जाम की स्थिति बनी हुई है। देश की राजधानी में दिल्लीवालों पर अभी फिलहाल मानसून मेहरबान है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे हुई बारिश की वजह के दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर गया तो वहीं कई सड़कों पर लंबा जाम तक लग गया। इसी बीच धौला कुआं से महिपालपुर रोड तक लंबा जाम लग गया है। जाम की वजह से लोगों को तीन किलो मीटर का सफर एक घंटे में तय करना पड़ा। बसे बड़ी बात यह रही कि इस जाम में हरियाणा से टिकट लेने आ रहे कांग्रेस के कई नेता भी फंस गए।



### धौला कुआं इलाके में लगा जाम

मिली जानकारी के मुताबिक, बारिश के कारण नेशनल हाईवे-8 पर लगा लंबा जाम लगा हुआ है। धौला कुआं से महिपालपुर रोड तक जाम लगा हुआ है। जिसकी वजह से गाड़ियां सड़कों पर रेंगती नजर आ रही है।

### दिल्ली के जाम में हरियाणा कांग्रेस के नेता फंसे

बता दें कि जाम में नांगल चौधरी विधानसभा से दिल्ली आए कई नेता जाम में फंसे हुए हैं। मौजूदा स्थिति अभी भी जाम की बनी हुई है। जाम में फंसे लोगों को एक घंटे में तीन किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा। इस जाम में कांग्रेस के कई बड़े नेता भी फंसे हुए हैं। वह टिकट लेने के लिए दिल्ली कार्यालय आ रहे हैं। यह नेता हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की मांग को लेकर दिल्ली कार्यालय आ रहे हैं। सभी नेता हरियाणा से हैं।

### दिल्ली में मानसून मेहरबान

बीती 22 अगस्त तक दिल्ली में 269.9 मिमी बारिश हुई है, जो कि 2014 के बाद सबसे अधिक है। 2014 के अगस्त माह में 139.1 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। साथ ही, 2012 के बाद इस माह में सबसे अधिक 20 दिन बारिश दर्ज की गई है। 2012 में कुल 22 दिन बारिश दर्ज की गई थी। हालांकि, इस माह में अभी नौ दिन बाकी हैं।

मौसम विभाग की मानक वेधशाला सफदरजंग में सिर्फ तीन अगस्त का दिन ही ऐसा रहा है, जब बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई। मौसम विभाग के मुताबिक अधिक बारिश की वजह बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक निम्न दबाव का क्षेत्र रहा। मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में आगे बढ़ते हुए यह गहरे दबाव में बदल गया। इस डीप डिप्रेशन का अवशेष चक्रवाती परिसंचरण 16 अगस्त तक पूर्वोत्तर राजस्थान क्षेत्र पर मंडराता रहा, जिससे 7-16 अगस्त की अवधि में दिल्ली में मध्यम वर्षा हुई।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : जेपी नड्डा-अमित शाह ने की उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आवास पर पार्टी की एक उच्चस्तरीय बैठक हो रही है जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद हैं। बैठक में जम्मू कश्मीर भाजपा कोर ग्रुप के नेताओं के साथ एक-एक सीट पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया जा रहा है। जेपी नड्डा और अमित शाह के अलावा इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी.एल. संतोष, जम्मू कश्मीर के दोनों चुनाव प्रभारी राम माधव, केंद्रीय मंत्री तथा जम्मू-कश्मीर की उधमपुर सीट से सांसद जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री जी.किशन रेड्डी, पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना, प्रदेश संगठन महासचिव अशोक कौल, जुगल किशोर शर्मा और देवेंद्र राणा सहित जम्मू-कश्मीर भाजपा कोर ग्रुप में शामिल अन्य कई अहम नेता मौजूद हैं। बैठक में



जम्मू कश्मीर की विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा कर एक अंतिम सूची बनाने की कोशिश की जाएगी। इस सूची को अंतिम मंजूरी के लिए रविवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता और पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में रखा जाएगा। इससे पहले, हाल ही में जम्मू-कश्मीर के चुनाव प्रभारी बनाए गए राम माधव ने भी शुक्रवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर उनके साथ लंबी बैठक की थी। बताया जा रहा है कि कई घंटे तक चली उस बैठक में जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक हालात, राजनीतिक समीकरण, उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया और चुनाव बाद बनने वाले हालात पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं की इस बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर के प्रदेश संगठन महासचिव अशोक कौल भी मौजूद रहे। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है।

राज्य में जिन 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होना है, उन सीटों पर नामांकन की आखिरी तारीख 27 अगस्त है। वहीं, 25 सितंबर को दूसरे चरण के तहत मतदान वाली 26 सीटों पर नामांकन की आखिरी तारीख 5 सितंबर है। तीसरे चरण के तहत राज्य की जिन 40 विधानसभा सीटों पर 1 अक्टूबर को मतदान होना है, उन पर नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर है।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की बड़ी बैठक, तमाम नेता रहे मौजूद



**गुरुग्राम।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद अब टिकटों पर मंथन हो रहा है। शुक्रवार को गुरुग्राम में बीजेपी प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में पहले दिन पांच जिलों की विधानसभा सीटों पर चर्चा हुई और कुछ नाम शॉर्टलिस्ट किए गए। जो नाम शॉर्टलिस्ट किए गए हैं, उनमें से किसी सीट पर एक तो किसी पर दो से तीन नेताओं के नाम हैं। इन नामों को केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेजा जाएगा। पार्टी हाईकमान के अंतिम मुहर लगने के बाद उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया जाएगा। दरअसल, इस बार भाजपा के लिए राहें आसान नहीं है। जहां एक ओर दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, वहीं दूसरी ओर भीतरघात का भी खतरा है। ऐसे में बैठक के पहले दिन गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और रेवाड़ी जिलों के पदाधिकारियों को अलग-अलग बुलाकर जिलों के राजनीतिक हालातों पर चर्चा की गई। बैठक में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए हर जिले से फीडबैक भी लिया गया।

# यौन शोषण केस में बृजभूषण दिल्ली कोर्ट में हाजिर

## कोर्ट ने कहा- महिला पहलवान सहज नहीं, उनके बयान खुले तौर पर नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण केस के मामले की सुनवाई शुरू हो गई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महिला पहलवानों को बयान दर्ज करवाने के 2 विकल्प दिए। इसमें कहा कि अगर वह कोर्ट रूम में गवाही देने में सहज हैं तो इसकी खुली सुनवाई करेंगे। अगर वे सहज नहीं हैं तो फिर उन्हें 'कमजोर गवाह' मानकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। फैसला पहलवानों पर निर्भर करता है। इसके बाद कोर्ट ने पहलवानों की सहमति पर कहा कि उनकी गवाही जज के सामने होगी। इसमें बृजभूषण के वकील भी शामिल नहीं होंगे। यह बयान कोर्ट रूम के साथ वाले कमरे में होंगे। इस पर बृजभूषण के वकील ने कोर्ट को कहा कि महिला पहलवानों की गवाही जज के आगे जरूर हो, लेकिन कोर्ट रुम में गवाह के अलावा दूसरा कोई न हो। सुनवाई के दौरान बृजभूषण भी कोर्ट में हाजिर रहे। इसके बाद जज के सामने महिला पहलवानों के बयान दर्ज किए जाएंगे।



### सिक्योरिटी हटाने पर विनेश ने उठाए सवाल, दिल्ली पुलिस का इनकार

बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन की अगुआई करने वाली हरियाणा की पहलवान विनेश फोगाट ने इसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट की। विनेश ने लिखा, 'जिन महिला पहलवानों की बृजभूषण के खिलाफ कोर्ट में गवाहियां होने वाली हैं, दिल्ली पुलिस ने उनकी सुरक्षा हटा ली है।' मामला गरमाता देखकर दिल्ली पुलिस की ओर से सफाई दी गई और कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### 6 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई

इस मामले में पिछली सुनवाई 6 अगस्त को हुई थी। उस दौरान भारतीय कुश्ती संघ (हत्रक्क) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले में एक महिला पुलिसकर्मी का बयान दर्ज किया गया था। उसी दिन इस मामले की एक पीड़ित का बयान दर्ज होना था, लेकिन वह स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सकी। तब कोर्ट ने इस मामले की जांच से जुड़ी रकरश्मि के बयानों को दर्ज किया था। रश्मि का बृजभूषण शरण सिंह के वकील राजीव मोहन ने क्रॉस-एग्जामिनेशन किया। एडिशनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को सुनिश्चित की।

### बालिग पहलवानों के केस में इन धाराओं में चार्जशीट

दिल्ली पुलिस ने 6 बालिग पहलवानों के केस में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धारा 354, 354-अ और ऊ के तहत चार्जशीट दाखिल की है। विनोद तोमर के खिलाफ धारा 109, 354, 354 (अ), 506 के तहत चार्जशीट दायर की गई है ।यौन शोषण केस में बृजभूषण दिल्ली कोर्ट में हाजिर :कोर्ट ने कहा- महिला पहलवान सहज नहीं, उनके बयान खुले तौर पर नहीं होंगे कोर्ट पहुंचे बृजभूषण ने महिला पहलवान की सिक्योरिटी हटाने पर बोलने से इनकार कर दिया। भारतीय कुश्ती संघ (हत्रक्क) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण केस के मामले की सुनवाई शुरू हो गई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महिला पहलवानों को बयान दर्ज करवाने के 2 विकल्प दिए। इसमें कहा कि अगर वह कोर्ट रूम में गवाही देने में सहज हैं तो इसकी खुली सुनवाई करेंगे। अगर वे सहज नहीं हैं तो फिर उन्हें 'कमजोर गवाह' मानकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। फैसला पहलवानों पर निर्भर करता है।

इसके बाद कोर्ट ने पहलवानों की सहमति पर कहा कि उनकी गवाही जज के सामने होगी। इसमें बृजभूषण के वकील भी शामिल नहीं होंगे। यह बयान कोर्ट रूम के साथ वाले कमरे में होंगे। इस पर बृजभूषण के वकील ने कोर्ट को कहा कि महिला पहलवानों की गवाही जज के आगे जरूर हो, लेकिन कोर्ट रुम में गवाह के अलावा दूसरा कोई न हो। सुनवाई के दौरान बृजभूषण भी कोर्ट में हाजिर रहे। इसके बाद जज के सामने महिला पहलवानों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

### कौन होता है 'कमजोर गवाह'

सुप्रीम कोर्ट ने करीब 2 साल पहले 'कमजोर गवाह' की परिभाषा के दायरे का विस्तार किया था। पहले इसमें 18 साल से कम उम्र के किशोर हुआ करते थे, लेकिन विस्तार के बाद इसमें उम्र की बंदिश हटा दी गई। इसमें यौन उत्पीड़न और मानसिक बीमारी से पीड़ित गवाह भी शामिल कर लिए गए।

# उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र बंद में लोगों से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में दो बच्चियों से यौन उत्पीड़न के बाद लोगों में इस नृशंस घटना में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ व्यापक आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस तरह की घटना का विरोध करने के लिए 24 अगस्त को 'महाराष्ट्र बंद' का ऐलान किया गया है। शुक्रवार को उद्धव ठाकरे ने प्रेसवार्ता कर लोगों से इसमें बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, बदलापुर घटना के बाद पूरे राज्य में आक्रोश है। सभी लोग एक सुर से इस वीभत्स घटना में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर अब महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया गया है। मैं यही कहना चाहूंगा कि आप लोग इसमें शामिल हों, ताकि प्रशासन के ऊपर दबाव बढ़े और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त हो। उन्होंने आगे कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि महाराष्ट्र बंद कोई राजनीतिक कदम नहीं है, बल्कि यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है, ताकि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।



मैं यही कहना चाहूंगा कि सभी लोग जाति धर्म की परवाह किए बगैर इसमें हिस्सा लें और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाए।

उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, (शनिवार) महाराष्ट्र बंद दोपहर दो बजे से रखा गया है। बस और ट्रेन सेवाएं बंद रहेंगी, ताकि बंद का असर व्यापक स्तर पर देखने को मिले, लेकिन अखबार, दूध और अस्पताल जैसी सेवाएं जारी रहेंगी, ताकि अगर कोई मरीज उपचाराधीन हो या किसी की यकायक तबीयत खराब होती है, तो उसे समय रहते समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी ऐसा ना सोचे कि यह बंद महज इसी घटना को लेकर है। मैं तो यह कहना चाहूंगा कि यह बंद आपके लिए भी है, आपके परिवार के लिए भी है। हम सभी को पता है कि हमारे राज्य की पुलिस महानिदेशक एक महिला है। ऐसे में उनके बेटियों के हित में कदम उठाने की दिशा में इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली ।। शनिवार 24 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को संगठन में मिली है बड़ी जिम्मेदारी

### बनाये गये बिहार और मध्यप्रदेश में भाजपा के सदस्यता प्रभारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का कद भाजपा की सियासत में लगातार बढ़ रहा है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन पर भरोसा कर रहा है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हें संगठन से जुड़ी जिम्मेदारियां भी दे रहा है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को केन्द्र शासित राज्य चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया था। चुनावों के बाद अब अतुल गर्ग को और बड़ी जिम्मेदारी मिली है और अगर इस जिम्मेदारी पर गौर करें तो अतुल गर्ग अब भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति के फ्रेमवर्क वाले चेहरे हो गये हैं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को बिहार राज्य और मध्यप्रदेश राज्य का भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी बनाया है। दिल्ली स्थित भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पर प्रदेश प्रभारियों की एक बैठक हुई और इस बैठक में अतुल गर्ग भी शामिल हुए।

अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और अब उनके पास एक यूनियन टेरेटरी और दो राज्यों का प्रभार है। वो लोकसभा सांसद होने के साथ साथ अब बिहार और मध्यप्रदेश में भाजपा के सदस्यता अभियान की भी कमान संभाल रहे हैं।

# कार्यकर्ताओं को जो चाहिए था वो मिला, जब लिया मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मंच से नाम तो सबका दिल खिला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये। ये वो मौके होते हैं जब कार्यकर्ता ये चाहते हैं कि उनका संवाद भी कायम हो और केवल संवाद नहीं बल्कि बड़े नेता उन्हें पहचाने, उन्हें नाम से जाने। इसीलिए राजनीति में खासतौर से भाजपा में ये परिपाटी है कि सीएम आये या पीएम आयें। उनके हैलीपैड से लेकर उनके स्वागत और उनके सीऑफ तक कार्यकर्ताओं की एक लिस्ट बनती है। कौन मंच पर स्वागत करेगा, ये एक सियासी स्टेटस रहता है। एक परिपाटी है और कार्यकर्ताओं के मन की ये सबसे बड़ी तमन्ना रहती है कि जिनकी वो जिंदाबाद कर रहे हैं वो भी उन्हें पहचान रहे हैं या नहीं। कार्यकर्ता के कंधे पर अगर बड़ा नेता हाथ रखकर बात कर ले तो वो कार्यकर्ता खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। शुक्रवार को कुछ ऐसा ही नजारा था और कार्यकर्ताओं को जो चाहिए था वो मिला। मुख्यमंत्री उनके सामने थे और संवाद हो रहा था। सबसे बड़ी बात ये थी कि वो सीन दिखाई दिया जो पिछले दस वर्षों से देखने को नहीं मिला। उपचुनाव से पहले मुख्यमंत्री और कार्यकर्ताओं के बीच इस संवाद के बहुत पॉजिटिव संदेश गये हैं। हिंदी भवन सभागार में जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख से मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, प्रकोष्ठों के संयोजक और मोर्चे के अध्यक्षों का नाम निकला तो यह वास्तव में वो पल था जिसका



कार्यकर्ताओं को एक मुद्दत से इंतजार था और इस पल को वो बखूबी महसूस कर रहे थे। मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं से कनैक्ट हो रहे थे अपनी बात कार्यकर्ता रख रहे थे। ये वो परिपाटी है जो वर्ष में अगर एक बार भी हो जाये तो कार्यकर्ताओं को तसल्ली हो। कार्यकर्ता ये महसूस कर रहे थे कि जिस भाजपा के लिए दिन रात लगे हुए हैं उस भाजपा में मुख्यमंत्री उन्हें नाम से पुकार रहे है। सबसे बड़ी बात ये थी कि मुख्यमंत्री ने भी खुद को सहज रूप से प्रस्तुत किया। वो मंच पर रहे लेकिन डॉयस नहीं संभाला। उन्होंने कुर्सी पर बैठकर ही संवाद कायम किया। सहज भाव से बातें सुनी और वहीं से अपनी बात रखी और एक तरह से पूरा माहौल दोनों तरफ से संवाद का था। चर्चा यही थी कि अगर साल में एक बार भी ऐसा संवाद कायम हो जाये तो कई विवाद तो अपने आप ही समाप्त हो जायें।





## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने जब जनरल को किया अपनी सीट का ऑफर



**करंट क्राइम।** शहर विधायक रहे अतुल गर्ग अब गाजियाबाद के लोकसभा सांसद हैं। शहर सीट पर उपचुनाव होना है और लोकसभा वाली सीट पर अतुल गर्ग काबिज हैं। व्यवस्था का बदलाव है और परिवर्तन जीवन का नियम है। जिस लोकसभा सीट पर पहले जनरल वीके सिंह है अब उसी सीट पर अतुल गर्ग हैं। कार्यकर्ता जानते हैं और वो लहजों से भी लहरों का रूख भांपते हैं। लेकिन अतुल गर्ग सियासत खिलाड़ी हैं और वो विनम्रता के साथ अपना संदेश देना जानते हैं। वो राजनीति के ऐसे खिलाड़ी हैं जो दिल बड़ा रखकर खेलते हैं। जब शुक्रवार को हिंदी भवन में जनरल वीके सिंह आये तो यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बड़ा दिल दिखाया। वो जनरल वीके सिंह को देखते ही अपनी सीट से उठकर खड़े हुए और उन्हें अपनी सीट पर बैठने का निमंत्रण देते हुए सीट ऑफर की। लोकसभा सांसद की सीट मुख्यमंत्री वाली सीट के बराबर में थी। ये एक प्रोटोकॉल था और यहां जनरल वीके सिंह ने भी प्रोटोकॉल का पालन किया। अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और पूर्व सांसद के प्रति उनकी ये विनम्रता और उनका ये आदर भाव सभी को पसंद आया। अतुल गर्ग ने जनरल वीके सिंह को सीट ऑफर कर सभी का ध्यान खींचा।

## जब सांसद अतुल गर्ग ने कहा मेरी जीत का पूरा श्रेय पीएम-सीएम को



**करंट क्राइम।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और जमीन से जुड़ कर सियासत करते हैं। उनकी वाक-पटुता के किस्से गाजियाबाद की सियासत से लेकर लोकसभा तक चर्चित होने लगे हैं। वो ये जानते हैं कि मुखारबिन्द से कब क्या निकालना हैं। विषय को कम शब्दों में लेकिन सारगर्भित अंदाज में रखते हैं। वो ये जानते हैं कि तारीफ कौन से मौके पर किसकी करनी है और अपनी तारीफ से खुद को किस तरह से बचाना है। उन्होंने माईक संभाला और सबसे पहले अपनी लोकसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुझे पूरे लोकसभा चुनाव में एक भी व्यक्ति को मनाना नहीं पड़ा। मुझसे एक भी कार्यकर्ता ने कोई डिमांड नहीं की और मैं सच बतांऊ तो मैं ये चुनाव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पर लड़ा और उन्हीं के नाम पर मैं ये चुनाव जीता हूं। अतुल गर्ग ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर वोट दिये। मुझे जो जनादेश मिला वो पीएम और सीएम के नाम पर मिला। मुझे भाजपा के नाम पर वोट मिले और इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। अतुल गर्ग ने लोकसभा चुनाव में अपनी जीत का क्रेडिट मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को देते हुए कहा कि यहां पर किसी को भी अपने फेस के दम पर वोट नहीं मिलते हैं। ये गाजियाबाद है यहां वोट भाजपा के नाम पर मिलते हैं। यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट मिलते हैं और यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर वोट मिलते हैं।

## जब मोर्चा अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री से की रूबरू होकर सीधी बात



**करंट क्राइम।** अभी तक ये परिपाटी थी कि मुख्यमंत्री आये और कुछ ने लाईन में लगकर हैलीपैड पर फूल देकर स्वागत कर लिया। कुछ ने मंच पर जाने से पर जाने से पहले स्वागत कर लिया। लेकिन ये नहीं हुआ कि मुख्यमंत्री ने रूक कर किसी कार्यकर्ता से बात की हो। लेकिन शुक्रवार को नजारा ही अलग था। गाजियाबाद के हिंदी भवन सभागार में महिला मोर्चा की संयोजिका उदिता त्यागी ने मुख्यमंत्री से बात की। युवा मोर्चा के सचिन डेढा ने मुख्यमंत्री से रूबरू होकर अपनी बात रखी। किसान मोर्चा के पंकज भारद्वाज ने मुख्यमंत्री से संवाद कायम किया। अनुज मित्तल ने जीएसटी पर पूछे गये सवालों के जवाब दिये। सहकारिता वाले वीरेन्द्र सारस्वत ने क्रय विक्रय से जुड़ी जानकारी मुख्यमंत्री के साथ साझा की। कुल मिलाकर गाजियाबाद के प्रकोष्ठ और मोर्चा अध्यक्षों की मुख्यमंत्री से सीधी बात हुई। ये एहसास काफी था कि वो संगठन में खास हैं और इतने खास है कि मुख्यमंत्री ने उपचुनाव से पहले उपलब्धियों को लेकर उनसे सीधी बात की है।



## जनरल हैं सीएम के खास आए भी उनके साथ और गये भी उनके साथ

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के बीच संबंधों की कैमेस्ट्री सब जानते हैं। राजनीतिक गलियारों में ये सीधा संदेश है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यक्तिगत रूप से भी जनरल वीके सिंह का विशेष रिगार्ड करते हैं। गोरखपुर मठ मंदिर में जब कार्यक्रम हुआ तो यहां मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने सामने जनरल वीके सिंह को विशेष सम्मान की पगड़ी पहनवाई थी। इससे पहले कई बार हुआ है जब मुख्यमंत्री गाजियाबाद, मेरठ, बागपत आये हैं तो हैलीपैड से लेकर हैलीकाप्टर तक जनरल वीके सिंह उनके साथ ही दिखाई दिये हैं। शुक्रवार को भी ऐसा ही हुआ और एक संदेश ये गया कि जनरल वीके सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खास हैं। शुक्रवार को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आये तो जनरल वीके सिंह की एन्ट्री उन्हीं के साथ हुई और जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम से रवाना हुए तो जनरल वीके सिंह उन्हीं के साथ गये। एक संदेश खास होने का एक संदेश साथ होने का कार्यकर्ताओं के बीच गया।

# मुख्यमंत्री ने की जब भाजपा महानगर संगठन टीम के काम की जमकर तारीफ

**40 मिनट का कार्यक्रम था और ढाई घंटे तक मुख्यमंत्री करते रहे संवाद**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये और यहां एक बार फिर भगवा कमांडर और उनकी टीम फर्स्ट डिवीजन से पास आऊट हुई। एक बार फिर ये साबित हो गया कि भगवा कमांडर के



नाम से कार्यकर्ताओं में प्रसिद्ध संजीव शर्मा सफल आयोजन की गारंटी बन गये हैं। कार्यक्रम व्यवस्थित था और सबसे बड़ी बात ये थी कि इस पूरे कार्यक्रम को लेकर भगवा कमांडर की टीम ने जबरदस्त होमवर्क किया था। संवाद की स्पष्टता थी और होमवर्क ये था कि विषय पर सब अपडेट थे। टीम के कप्तान के रूप में संजीव शर्मा ने हर खिलाड़ी को उसकी योग्यता के हिसाब से प्लेस किया था। पूरी प्रैक्टिस करायी थी। तभी तो ये हुआ कि मुख्यमंत्री जिस कार्यक्रम में 40 मिनट के लिए आये थे उस कार्यक्रम में



मुख्यमंत्री इतना मगन हो गये कि वो लगभग ढाई घंटे तक कार्यकर्ताओं से संवाद कायम करते रहे। 40 मिनट का कार्यक्रम इतना व्यवस्थित था कि सीएम कार्यकर्ताओं से बात करते रहे और यह कोई पहले से तय नहीं था और जब कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को रूचि आने लगी तो फिर कार्यक्रम भी चलता रहा। एक बार फिर भगवा कमांडर के खाते में ये सफल आयोजन आया और फिर वो पल आया जब मुख्यमंत्री ने तारीफ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आकर लगा कि संगठन का काम कितना अच्छा है। वो कार्यकर्ताओं के जवाब से संतुष्ट नजर आये। मुख्यमंत्री के शब्द ही भगवा कमांडर के लिए एक मैडल हैं। सफल आयोजन और उससे बड़ी बात ये कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम को लेकर संतुष्ट होना भगवा कमांडर के लिए बड़ी उपलब्धि है।

# मुख्यमंत्री कार्यक्रम के चलते घंटों लगा सड़कों पर जाम, लोग रहे परेशान

## बारिश की वजह से भी ट्रैफिक में आई परेशानी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में कार्यक्रम था। सुबह से बारिश हो रही थी और बारिश के साथ कई इलाकों में वाहनों के फंसने से जाम की स्थिति हो गई। वाहनों के फंसने से प्रमुख मार्गों और कई इलाकों में जाम लग गया। तो लोगों को परेशान होना पड़ा, इसके साथ ही स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों के साथ ही दोपहर के वक्त कई प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा प्रमुख स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही पुलिस बल भी तैनात किया गया था। हालांकि किसी भी मार्ग पर रूट डायवर्जन की व्यवस्था नहीं की गई थी। यातायात एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कई स्थानों पर बैरिकेडिंग और बैरियर लगाए गए थे, इस वजह से वाहन चालकों को परेशानी हुई।



## हिंदी भवन के आसपास सुरक्षा का रहा अभेद घेरा



सीपी से लेकर एडिशनल सीपी तक रहे अलर्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में कार्यक्रम था। हिंदी भवन के आसपास के पूरे इलाकों को सुरक्षा के अभेद घेरे में तब्दील किया गया था। कई थानाक्षेत्र की पुलिस फोर्स के साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। खुद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, एडीसीपी क्राइम सचिदानन्द, एसीपी नंदग्राम रवि सिंह के साथ ही मौके पर यातायात एसीपी जियाउद्दीन, इंस्पेक्टर ट्रैफिक संतोष सिंह, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में यातायात और सिविल पुलिस के स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। वहीं अन्य पुलिस स्टाफ की भी तैनाती देखी गई।

## जब ज्ञापन देने वालों को पुलिस ने भेजा पीछे




**करंट क्राइम।** हिंदी भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे हुए थे, इस दौरान एक महिला ज्ञापन देने की जुगत में कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार तक पहुंच गई। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे वहां से पीछे हटाया। इस दौरान महिला सुरक्षा स्टाफ मौजूद नहीं था, तो लोकल इंटेलीजेंस की महिला स्टाफ को बुलाकर एसीपी द्वारा उक्त महिला को वहां से हटाया गया। हालांकि उसका ज्ञापन लेकर संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। वहीं देहात के एक हत्या के मामले में पीड़ित परिवार भी अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखने के लिए पहुंचा था, उसे भी सुरक्षा का हवाला देते हुए पुलिसकर्मियों ने पीछे हटा दिया था।

## सुरक्षा के चलते अस्पताल तक पैदल गई छात्रा और उसके परिजन



**करंट क्राइम।** शुक्रवार को हिंदी भवन लोहिया नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पूरे रास्ते पर बैरिकेडिंग की गई थी, तो सभी आने जाने वाले मार्ग को काफिले की वजह से बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री जैसे ही हिंदी भवन पहुंचे, इसी दौरान एक छात्रा जो कि बीमार थी, परिजन उसे लेकर पास के नागर हॉस्पिटल जा रहे थे। सुरक्षा कर्मियों ने छात्रा और उसके परिजनों को वाहन नहीं ले जाने दिया हालांकि परिजन छात्रा को उठाकर अपने साथ ले गए और उपचार कराया।



## ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर के सिर पर पेड़ की डाली गिरी, हालत गंभीर

**करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री कार्यक्रम के चलते पुलिस मुख्यालय की मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को जाम की स्थिति हो गई थी। इस दौरान कोर्ट चौकी प्रभारी संजय सिंह अपने साथी उप निरीक्षक हरिशचंद्र शर्मा के साथ मौके पर थे। हरिशचंद्र शर्मा ड्यूटी दे रहे थे, इसी दौरान बारिश के दौरान पेड़ की एक मोटी डाली टूटकर उनके सिर पर गिरी, पेड़ की डाली सिर पर गिरने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिसकर्मियों द्वारा उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई थी, वह भी मौके पर पहुंच गए हैं। बताया गया है कि कुछ साल पहले हरिशंकर के भाई की भी पेड़ गिरने और उसके नीचे दबने से मौत हुई थी। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी सब इंस्पेक्टर की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं डॉक्टरों ने भी दो से तीन दिनों तक स्थिति सामान्य होने की बात की है।



## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कई लोग किए गए हाउस अरेस्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में थे। उनके आगमन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई थानाक्षेत्रों में कई प्रमुख लोगों को हाउस अरेस्ट करने का कार्य किया गया। इस कड़ी में वेव सिटी थानाक्षेत्र में महरौली निवासी धर्मपाल शर्मा को घर में नजर बंद कर दिया गया। तो वहीं समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा को भी हाउस अरेस्ट किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री को इवनिंग क्लास को लेकर ज्ञापन देने का ऐलान था। जीतू शर्मा को उनके आवास पर नजर बंद किया गया। उनके साथ युवजन सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार और मीडिया प्रभारी सूरज भारद्वाज व जिला सचिव आरिफ सलमानी भी नजर बंद किए गए। वहीं गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन से जुड़े कई अन्य पदाधिकारी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नजर बंद किए गए।



## सीएम कार्यक्रम के चलते घंटेभर स्कूल में रोके गए छात्र

**करंट क्राइम।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर में थे, इस दौरान हापुड़ चुंगी और उसके आसपास के कई स्कूलों के विद्यार्थियों को छुट्टी एक बजे होने के बावजूद करीब डेढ़ घंटे से अधिक स्कूल में ही रोका गया। दरअसल मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हिंदी भवन में लगभग 1:30 बजे के आसपास समाप्त होने की सूचना थी, इस वजह से हापुड़ रोड स्थित स्कूलों की छुट्टी नहीं की गई थी। उनके छात्रों को स्कूल में ही रोका गया लेकिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम थोड़ा लेट हो गया था। इस वजह से यह छात्र तब तक स्कूल में ही रोके गए। स्कूल में काफी देर बाद जब इनको छोड़ गया तो उनके परिवार वालों और अन्य लोगों के फोन आने शुरू हो गए थे। उधर स्कूल प्रबंधन ने उनको जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की वजह से उनका स्कूल से भेजने में देरी हो रही है।

## संपादकीय

# लड़कियां फिर आगे

शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया गया 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का विश्लेषण कई गंभीर मसलों की ओर ध्यान खींचता है, लेकिन इसका सबसे अहम पहलू है स्कूलों में लड़कियों की ओर से लिखी जा रही कामयाबी की सुनहरी कथाएं। यह लगातार दूसरा साल है जब शिक्षा मंत्रालय ने देश के 59 स्कूल बोर्डों के रिजल्ट्स का विश्लेषण करते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की है।

समाज में और परिवार के अंदर लड़कियों को जिस पूर्वाग्रह भरी दृष्टि का सामना करना पड़ता है उसका एक ज्वलंत उदाहरण रिपोर्ट में इस तथ्य के रूप में उभरता है कि देश भर में प्राइवेट स्कूलों में लड़कों और सरकारी स्कूलों में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। साफ है कि मां-बाप चाहते हैं बेटे ज्यादा अच्छी और महंगी शिक्षा पाएं। बेटियों को जैसे-तैसे पढ़ा देना काफी माना जाता है।

दिलचस्प है कि यह पूर्वाग्रह लड़कियों के जज्बे को कमजोर करने के बजाय उसे और मजबूती दे रहा है। रिजल्ट्स का विश्लेषण बताता है कि बोर्डों, स्कूलों और विषयों के भेदों से ऊपर उठते हुए लड़कियां, लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। 10वीं और 12वीं दोनों में, चाहे स्टेट बोर्ड हों या नैशनल और चाहे प्राइवेट स्कूल हों या सरकारी, लड़कियों का पासिंग परसेंटेज लड़कों से काफी ज्यादा है।

जहां तक स्ट्रीम सिलेक्शन की बात है तो साइंस आज भी सबसे लोकप्रिय है। करीब 43% स्टूडेंट्स साइंस स्ट्रीम में अपीयर हुए और 34% आर्ट्स स्ट्रीम में थे। खास बात यह कि साइंस में लड़कों की बहुलता थी जबकि आर्ट्स में लड़कियों की। लेकिन पासिंग पर्सेंटेज देखें तो लड़कियां न सिर्फ आर्ट्स में बल्कि साइंस में भी लड़कों से आगे नजर आती हैं।

स्कूल स्तर पर यह जो ट्रेंड इस रिपोर्ट में दिख रहा है, वह अन्य तमाम क्षेत्रों में उभरते नए ट्रेंड से मेल खा रहा है। चाहे कॉलेजों की परीक्षाओं की बात हो या ठएएळ और खएए जैसी प्रफेशनल कोर्स वाली परीक्षाओं की, हर जगह ट्रेंड यही दिखता है कि महिलाएं न सिर्फ अपनी संख्या बढ़ा रही हैं बल्कि प्रदर्शन में भी लगातार सुधार दर्ज करा रही हैं।

निश्चित रूप से यह एक हेल्दी ट्रेंड है। लड़कियों के आगे बढ़ने का मतलब उनके आत्मविश्वास का बढ़ना है, उनका ज्यादा असर्टिव होना है। ऐसी लड़कियां परिवार के अंदर या वर्कप्लेस पर अपनी सही जगह न सिर्फ चाहती हैं बल्कि उसे हासिल करती हैं। उम्मीद है कि अच्छी पढ़ाई के बाद जब ये लड़कियां पेशेवर जिंदगी शुरू करें तो वहां उनके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद, करंट क्राइम। नन्ही परी आहना ने खुद को राधा रानी के रूप में सजाया और कान्हा की भक्ति भाव का ध्यान लगाया। जन्माष्टमी महोत्सव शुरू हो गया है और नन्हे बच्चों का ये अंदाज भारतीय संस्कृति को जीवंत करता है। आहना की यह पोस्ट बनी है करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# शेयर बाजार सपाट खुला, ऑटो शेयरों में तेजी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में करीब सपाट खुला। शुरूआती कारोबार में मुख्य सूचकांकों में हल्की गिरावट थी। सुबह 9:21 पर सेंसेक्स 75 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,981 और निफ्टी 11 अंक या 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,800 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,225 शेयर हरे निशान में और 862 शेयर लाल निशान में हैं। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 134 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,976 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 39 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,139 पर है। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स टॉप गेनर्स हैं। मीडिया और आईटी इंडेक्स में गिरावट है। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, रिलायंस, एचयूएल, सन फार्मा, पावर ग्रिड, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स हैं। न्फोसिस, टाइटन, टेक महिंद्रा, विप्रो, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और आईटीसी टॉप लूजर्स हैं। एशिया के ज्यादातर बड़े बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, बैंकॉक और जकार्ता हरे निशान में हैं। सोल और हांगकांग में गिरावट है। अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि सेक्टर आधार पर बाजार में बदलाव देखने को मिल रहा है। निवेशक सरकारी कंपनियों से हटकर निजी बैंकों की तरफ जा रहे हैं, जहां वैल्यूएशन सस्ते और आकर्षक हैं। डिफेंस और रेलवे सेक्टर में ग्रोथ की अच्छी संभावना है लेकिन शेयरों की कीमत और कंपनियों के फंडामेंटल के भी कोई तालमेल नहीं है। वहीं, वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिकी फेड के ब्याज दरों में कटौती का इंतजार कर रहा है।

# फेड चेयरमैन की स्पीच से पहले सपाट बंद हुआ शेयर बाजार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने शुक्रवार के सत्र में सीमित दायरे में कारोबार किया। सेंसेक्स 33 अंक की मामूली तेजी के साथ 81,086 अंक पर और निफ्टी 11 अंक की बढ़त के साथ 24,823 अंक पर बंद हुआ। दुनिया भर के शेयर बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के संबोधन का इंतजार कर रहे हैं। पॉवेल शुक्रवार को जेकसन होल आर्थिक संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 80,883 अंक से 81,231 अंक और निफ्टी 24,771 अंक से 24,858 की रेंज में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनिलिवर में सबसे ज्यादा तेजी रही। टेक महिंद्रा, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस और टीसीएस टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा छोटे और मझोले शेयरों में गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 289 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,555 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 20 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,079 अंक पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव दशार्ने वाले सूचकांक इंडिया वीआईएक्स में 4.23 प्रतिशत की तेजी रही और यह 13.55 पर बंद हुआ। ऑटो, इन्फ्रा और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, रियल्टी, मीडिया और पीएसई सूचकांकों पर दबाव देखा गया। व्यापक स्तर पर बाजार में तेजी रही। बीएसई में 2,061 शेयर हरे निशान में और 1,878 लाल निशान में रहे जबकि और 109 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन के संबोधन से अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरों को लेकर स्थिति साफ होगी। अमेरिका से आ रहे आर्थिक आंकड़ों के आधार पर लगता है कि सितंबर में ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। बाजार में वैल्यूएशन अधिक होने के कारण निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# सेबी ने अनिल अंबानी समेत 24 अन्य को कैपिटल मार्केट से किया बैन



**मुंबई।** बाजार नियामक सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की ओर से अनिल अंबानी समेत अन्य 24 को पूंजीगत बाजार से पांच वर्ष के लिए बैन कर दिया है। इसके साथ ही किसी अन्य सूचीबद्ध कंपनी से उनके जुड़े रहने पर भी रोक लगा दी गई है। सेबी द्वारा कारोबारी के साथ अन्य 24 को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से फंड को डाइवर्ट करने के लिए बैन किया गया है। मार्केट से बैन करने के अलावा नियामक द्वारा अनिल अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस आदेश के बाद अनिल अंबानी अगले पांच वर्ष तक किसी भी लिस्टेड कंपनी में मैनेजमेंट के पद पर भी नहीं रह पाएंगे। सेबी की ओर से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) को भी बाजार से छह महीने के लिए बैन कर दिया गया है। साथ ही 6 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। सेबी द्वारा 222 पेज के आदेश में कहा गया कि अनिल अंबानी ने आरएचएफएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर गलत तरीके से लोन ऐसी कंपनियों को दिए जो उनसे जुड़ी थी। सेबी ने कहा, गलत तरीके से लोन दिए जाने पर आरएचएफएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की ओर से आपत्ति जताई गई थी और कहा था कि कंपनी कॉरपोरेट लोन को समय पर रिव्यू करे, लेकिन कंपनी के मैनेजमेंट ने इसे नजरअंदाज कर दिया। यह एक कंपनी में गवर्नेंस की नाकामी थी। यह अनिल अंबानी के प्रभाव में आकर मैनेजमेंट ने किया था। नियामक ने आगे कहा कि मैनेजमेंट की ओर से ऐसी कंपनियों को सैकड़ों करोड़ के लोन दिए गए जिनके पास न कोई संपत्ति, न कैश फ्लो, न नेटवर्थ और कोई आय भी नहीं थी। बैन किए गए अन्य 24 में आरएचएफएल के वरिष्ठ अधिकारी जैसे अमित बापना, रवींद्र सुधालकर और पिंकेश आर शाह शामिल हैं। सेबी द्वारा बापना पर 27 करोड़ रुपये का जुमार्ना, सुधालकर पर 26 करोड़ रुपये और शाह पर 21 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। रिलायंस यूनिकॉर्न एंटरप्राइजेज, रिलायंस एक्सचेंज नेक्स्ट, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस, रिलायंस क्लिन्जेन, रिलायंस बिजनेस ब्रॉडकास्ट न्यूज होल्डिंग और रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का नाम इस बैन में शामिल है। ये कंपनियां फंड की हेराफेरी करने में भागीदार थी। इन सभी में से प्रत्येक पर 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

# अयोग्य पायलट्स के साथ विमान संचालन के लिए एयर इंडिया पर लगा 90 लाख रुपये का जुमार्ना

**नई दिल्ली।** नागरिक विमान सेवाओं का नियमन करने वाली सरकारी एजेंसी डीजीसीए ने टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया पर अयोग्य क्रू मेंबर्स के साथ विमान का संचालन करने के लिए 90 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। सरकारी एजेंसी द्वारा आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। इसके अलावा एयर इंडिया के डायरेक्टर ऑपरेशन पर 6 लाख रुपये और डायरेक्टर ट्रेनिंग पर 3 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए संबंधित पायलट को भी चेतावनी दी गई है। एयर इंडिया की ओर से एक विमान का संचालन किया गया था, जिसमें नॉन-ट्रेनर लाइन कैप्टन को नॉन-लाइन-रिलीज फर्स्ट ऑफिसर के साथ नियुक्त किया था। डीजीसीए ने इसे महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रभाव वाली एक गंभीर शेड्यूलिंग घटना के रूप में देखा। एयर इंडिया की ओर से 10 जुलाई को डीजीसीए दी गई एक रिपोर्ट के बाद इसका खुलासा हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीसीए ने एयर इंडिया के ऑपरेशन और एयरलाइन के शेड्यूलिंग के दस्तावेजों की जांच की।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पत्नी - आप बहुत भोले हैं, आपको कोई भी आसानी से फंसा देता है।
पति - हां, शुरूआत तुम्हारे पापा ने की थी।

---

एक बार एक पति पिकनिक पर अपनी पत्नी को शमशान घाट पर ले आया...
पत्नी - ये कहां लेकर आ गए?
पति - अरे पगली, लोग मरते हैं यहां आने के लिए।

---

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा - तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी।
उसने इशारों में कहा - मुझे ऐसी चीज लाकर दो जिस पर सवार होते ही मैं 2 सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाऊं।
शाम को पति ने उसे वजन का कांटा लाकर दे दिया।
पत्नी के होश उड़ गए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गणितीय संकेतों (+) और (–) का प्रयोग हजार सालों से हो रहा है पर अधिकांश गणितीय संकेतों की उत्पत्ति सोलहवीं शताब्दी में जाकर हुई है।
- पेट्रोल की गाड़ी चन्द्रमा पर नहीं चल सकती क्योंकि वहां पर वायुमण्डल नहीं है।
- हीरा तथा ग्रेफाइट कार्बन के क्रिस्टलीय अवरूप है।
- ईंधनों के जलने से प्राप्त कार्बन डाईऑक्साइड प्रदूषण का मुख्य कारण है।
- आग बुझाने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का प्रयोग किया जाता है।
- ओजोन मण्डल पराबैगनी किरणों को अवशोषित करके पृथ्वी के जीवो की रक्षा करता है।
- नीबू में साइट्रिक अम्ल पाया जाता है।
- इमली में टारटरिक अम्ल होता है।
- नाइट्रस ऑक्साइड तथा सल्फर डाइऑक्साइड अम्ल वर्षा का मुख्य कारन है।
- साधारण कांच में सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम और लैड के सिलिकेट होते है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी






# नीरज चोपड़ा सीजन के सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर

## फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। यह चोपड़ा का इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था। इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता। पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक। पेरिस में, चोपड़ा ने 89.45 मीटर तक भाला फेंका, जो 87.58 मीटर में स्पष्ट सुधार था जिसने उन्हें टोक्यो में स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन यह मौजूदा विश्व चैंपियन और डायमंड लीग फाइनल विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुआ, जो उनके अच्छे दोस्त हैं। नदीम ने 92.97 मीटर के विशाल थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया।

# अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उत्सुक हूं : पैरा शटलर कृष्णा नागर

**नई दिल्ली।** गौरव की राह परीक्षणों और कष्टों से भरी है। भारत की पैरा-बैडमिंटन सनसनी कृष्णा नागर के लिए भी यह कुछ अलग नहीं रहा, जिन्हें 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने के रास्ते में कई बाधाओं को पार करना पड़ा। 1999 में राजस्थान के जयपुर के हलचल भरे शहर में जन्मे नागर को दो साल की उम्र में ही बौनेपन का पता चला था, लेकिन उन्होंने कभी भी अपनी स्थिति को अपनी सीमा निर्धारित नहीं करने दी। पेरिस पैरालंपिक खेल नजदीक आने के साथ, नागर पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।



डोपिंग प्रतिबंध के कारण प्रमोद भगत के बाहर होने के बाद, नागर लगातार पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने की उम्मीद कर रहे हैं। टोक्यो में 2020 पैरालंपिक में अपनी पहली उपस्थिति में, नागर स्वर्ण पदक जीतने वाले पांच भारतीयों में से एक थे। हालांकि प्रमोद भगत ने एक अलग डिवीजन में स्वर्ण पदक जीता, इसलिए वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय नहीं थे। नागर ने एक विशेष साक्षात्कार में आईएएनएस को बताया, मेरे पास कोई विशिष्ट लक्ष्य नहीं है, लेकिन हां, मैं अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उत्सुक हूं और मैं इसके लिए तैयार हूं। मुझे पता है कि टोक्यो बहुत समय पहले था और मैं भी लंबे समय से कोर्ट से बाहर हूं लेकिन मेरी तैयारी अच्छी है और मैं पदक वापस लाने की पूरी कोशिश करूंगा।

# पैरालंपिक एथलेटिक्स : कैसा होता है खिलाड़ियों का वर्गीकरण, कौन-कौन एथलीट ले सकते हैं भाग

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स एक ऐसा खेल जो किसी भी खिलाड़ी की शारीरिक और बौद्धिक क्षमताओं की कड़ी परीक्षा लेता है। एथलेटिक्स एक ऐसा खेल जहां भारत के पास अभी तक सिर्फ एक ओलंपिक गोल्ड मेडल है। एथलेटिक्स में भागीदारी करना और जीतना बेहद कड़ी मेहनत मांगता है। पेरिस ओलंपिक गेम्स का समापन हो चुका है। अब समर ओलंपिक के बाद आने वाले पैरालंपिक खेलों की बारी है। पेरिस पैरालंपिक खेलों में भी एथलेटिक्स छाया रहेगा। इन खेलों में एथलेटिक्स को पैरा एथलेटिक्स कहा जाता है। पैरालंपिक शारीरिक इम्पेयरमेंट वाले खिलाड़ियों का महाकुंभ है और यहां पदक जीतने का महत्व ओलंपिक से कम नहीं होता है। पैरालंपिक में एथलेटिक्स शारीरिक, दृष्टि और बौद्धिक तौर पर चैलेंजिंग वर्गों के लिए खुला है। पैरालंपिक में एथलेटिक्स की सफलता भी सिर चढ़कर बोलती है। इसका पता पैरालंपिक खेलों में होने वाले इवेंट्स




की बड़ी संख्या से चलता है। उदाहरण के लिए, 100 मीटर दौड़ को ही लें। ओलंपिक खेलों में पुरुष और महिलाओं के लिए केवल दो फाइनल होते हैं, जबकि टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में 29 फाइनल हुए थे। जिसमें पुरुषों के लिए 16 और महिलाओं के लिए 13 इवेंट हुए थे। पैरा एथलेटिक्स का इतिहास खोजने के लिए साल 1952 में जाना होगा, जब रीढ़ की हड्डी की चोट वाले खिलाड़ियों ने स्टोक मैंडविल खेलों में भाला फेंक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। एथलेटिक्स उन पहले आठ खेलों में से एक था जिसे रोम 1960 में पहले पैरालंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था।

इसमें विभिन्न प्रकार के ट्रैक इवेंट्स (बाधा दौड़ और वॉकिंग इवेंट्स को छोड़कर), जंपिंग इवेंट्स, थ्रोइंग इवेंट्स (हैमर थ्रो को छोड़कर), और 1984 से शामिल की गई मैराथन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पैरालंपिक खेलों में खिलाड़ियों का उनकी इंपैयरमेंट के हिसाब से वर्गीकरण होता है। पैरा एथलीट में भी यह वर्गीकरण काम करता है। खिलाड़ी अपने इम्पेयरमेंट के अनुसार अलग-अलग तरीकों से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, जैसे तीन पहियों वाली व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग (प्रोस्थेसिस), या थ्रोइंग सीट का उपयोग किया जा सकता है।

जिन खिलाड़ियों की दृष्टि कमजोर होती है, वे दौड़ के लिए गाइड रनर के साथ या थ्रो और जंपिंग प्रतियोगिताओं के लिए कोच की मदद से खेल सकते हैं। हालांकि अगर आप सोच रहे हैं कि किसी भी तरह की इंपैयरमेंट वाले खिलाड़ी पैरा एथलीट बन सकते हैं तो ऐसा नहीं होता है। पैरा एथलेटिक्स में पैरालिसिस (पैराप्लेजिया और क्वाड्रीप्लेजिया), अंगों का कटना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और अंधापन, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक क्षमता में कमी, छोटा कद जैसे खिलाड़ी भाग लेते हैं। किसी भी खेलों के सबसे प्रमुख इवेंट में से एक एथलेटिक्स के पैरालंपिक खेलों में वर्गीकरण एक नजर डालते हैं।

**पैरालंपिक में खिलाड़ियों का वर्गीकरण एक अक्षर और नंबर के आधार पर होता है। यह सब खिलाड़ियों के शारीरिक इंपेयरमेंट पर निर्भर करता है।**

- अक्षर : टी (ट्रैक और जंप) या एफ ( फील्ड)
- संख्या : 11-13 : दृष्टि संबंधी अपंगता
- 20- मानसिक अपंगता
- 31-38 : समन्वय संबंधी अपंगता (खड़े या बैठे हुए)
- 40-47 : छोटा कद, अंग का कटना या अंग की कमी
- T51-54 : व्हीलचेयर (दौड़ या थ्रो)
- 61-64 : निचले अंगों में प्रतिस्पर्धा कृत्रिम अंग के साथ खेलना
- यहां 1 सबसे गंभीर इम्पेयरमेंट को और 8 सबसे कम गंभीर को दर्शाता है।

**इन अक्षर और नंबर का कैसे इस्तेमाल होता है, इसको समझने के लिए टोक्यो पैरालंपिक में भारत के मेडल विजेता कुछ पैरा एथलीट पर नजर डालते हैं।**

- मरियप्पन थांगवेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद टी42 में रजत पदक जीता।
- शरद कुमार ने भी पुरुषों की ऊंची कूद टी42 में कांस्य पदक जीता।
- प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 में रजत पदक जीता।
- देवेंद्र झाझरिया ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 में रजत पदक जीता।
- सुंदर सिंह गुर्जर ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 में कांस्य पदक जीता।
- योगेश कथुनिया ने पुरुषों की डिस्कस फेंक एफ56 में रजत पदक जीता।
- सुमित अंतिल ने पुरुषों की भाला फेंक एफ64 में स्वर्ण पदक जीता।

# बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का नाम हत्या केस में शामिल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के सीनियर क्रिकेटर शाकिब अल हसन का नाम एक हत्या केस की एफआईआर में 156 लोगों के साथ दर्ज किया गया है। ढाका के अडाबर इलाके का यह केस इस महीने की शुरूआत में छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह एफआईआर 22 अगस्त को रुबेल के पिता रफीकुल इस्लाम द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिसमें 154 स्थानीय अवामी लीग के नेताओं और कार्यकताओं के नाम हैं, जिन्हें उनके बेटे की 7 अगस्त को हुई मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इसमें शाकिब और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना का नाम भी शामिल है, जो बाद में भारत चली गईं। रिपोर्ट में कहा गया, इसके अलावा, 400-500 अज्ञात लोगों को भी इस केस में आरोपी बनाया गया है। केस के मुताबिक, रुबेल 5 अगस्त को



सरकारी नौकरियों में आरक्षण सुधार की मांग कर रहे छात्र आंदोलन के शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल हुआ था। हसीना और अन्य आरोपियों के आदेश पर, अज्ञात लोगों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर गोली चला दी। इस घटना में रुबेल के सीने में दो गोलियां लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। चार्जशीट के अनुसार, शाकिब को इस एफआईआर में आरोपी नंबर 28 के रूप में दर्ज किया गया है। यह घटना ढाका के अडाबर इलाके की है। हालांकि, शाकिब उस समय बांग्लादेश में नहीं थे, क्योंकि वह कनाडा के ब्रैम्पटन में ग्लोबल टी20 कनाडा लीग में बांग्ला टाइगर्स मिसिसागा टीम के लिए खेल रहे थे। इससे पहले, शाकिब लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स के लिए मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सीजन में खेल रहे थे।

# 'प्रसिद्धि को खुद पर हावी नहीं होने दूंगा' : अमन सहरावत

**नई दिल्ली।** अमन सहरावत ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कुश्ती में भारत के लिए एकमात्र पदक जीता जब उन्होंने पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। 21 वर्षीय यह खिलाड़ी 11 साल की उम्र से प्रसिद्ध छत्रसाल अखाड़े में है और उसकी नजरें हमेशा ओलंपिक पदक पर टिकी थीं। छत्रसाल अखाड़े में अमन के कमरे की दीवारों पर 'ओलंपिक गोल्ड' और 'अगर यह आसान होता, तो हर कोई इसे करता' शब्द लिखे हुए हैं और खेलों में भारत के सबसे कम उम्र के पदक विजेता कांस्य पदक से संतुष्ट नहीं हैं जो वह पहले ही जीत चुके हैं। उन्होंने 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक पर अपनी नजरें जमाई



हुई हैं। उन्होंने शुक्रवार को आईएएनएस से कहा, मैंने प्रशिक्षण शुरू कर दिया है और उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करूंगा जिनमें खेलों में मेरी कमी थी और अब मेरा ध्यान ओलंपिक स्वर्ण पदक पर है। अमन ने पुरुषों के 57 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक मैच में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज को 13-5 से हराया। इस जीत ने उन्हें यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग श्रेणी में रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 2 पर पहुंचा दिया है। प्रसिद्ध कुश्ती कोच सतपाल सिंह के संरक्षण में 'छत्रसाल अखाड़े' से आने वाला यह छठा ओलंपिक पदक था, जिसमें सुशील कुमार ने दो बार सम्मान जीता था और अमन, रवि दहिया, बजरंग पुनिया और योगेश्वर दत्त सभी ने एक-एक पदक जीता था। अमन ने बताया कि उनके ओलंपिक प्रदर्शन से पहले और बाद में उनके कोच ने उनसे क्या कहा था। अमन ने कहा, कोच ने ओलंपिक से पहले मुझसे बात की थी और मुझसे कहा था 'तुम्हें अपने मुकाबलों पर ध्यान देना चाहिए और अपने प्रतिद्वंद्वी के अनुसार अपनी शैली नहीं बदलनी चाहिए।

# वैश्विक मंच पर भारतीय क्रिकेट की बढ़ती बादशाहत, दुनिया मानती है लोहा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट- वैश्विक मंच पर अब एक बड़ी ताकत बन चुका है। वैसे तो यह खेल भारत की देन नहीं है लेकिन आज की तारीख में इस पर 'बादशाहत' हमारी जरूर है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) दुनिया का सबसे बड़ा अमीर बोर्ड है। दिग्गज खिलाड़ियों से भरी टीम इंडिया का दबदबा विश्व क्रिकेट में है। हाल ही में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। आईपीएल दुनिया की सबसे मशहूर और सफल क्रिकेट लीग है। चाहे बात हुनर, काबिलियत, आईसीसी ट्रॉफी और पैसों की ही क्यों न हो भारतीय क्रिकेट टीम का रिकॉर्ड काफी मजबूत है। बीसीसीआई सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट काउंसिल के वर्तमान अध्यक्ष हैं। इस बीच उनके आईसीसी के नए




बॉस बनने की खबर भी आ रही है। अगर ऐसा होता है तो, आने वाले समय में वैश्विक मंच पर भारतीय क्रिकेट की स्थिति और मजबूत हो जाएगी। हालांकि, इसका सीधा कनेक्शन टीम इंडिया के प्रदर्शन के साथ भी है इसलिए टीम को अपना विजय रथ जारी रखना होगा। एक सफल टीम, दिग्गज खिलाड़ियों की लंबी कतार, अनुभव और युवा जोश का मिश्रण, मजबूत बेंच स्ट्रेंथ और दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का तमगा। इन सभी खूबियों से भारतीय टीम मिसाल बनकर उभरी है और इसकी चमक के आगे सभी देश फीके लगते हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह आईसीसी के अगले चेयरमैन हो सकते हैं। उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। आईसीसी में बीसीसीआई का दबदबा रहा है, जबकि एशिया क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी जय शाह है, ऐसे में वो अगर एक नए पद को संभालेंगे, तो बीसीसीआई की धाक विश्व क्रिकेट में और बढ़ेगी। बात अगर फ्रेंचाइजी लीग की करे तो, आईपीएल के टक्कर में दूर-दूर तक कोई क्रिकेट लीग नहीं है। बीसीसीआई की आईपीएल से होने वाली कमाई में 2022 से 2023 के बीच 116 फीसदी का इजाफा हुआ है। बीसीसीआई की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बोर्ड ने 2022 के आईपीएल सीजन से 2,367 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था, जो साल 2023 के आईपीएल संस्करण में 5120 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। इस बढ़े हुए मुनाफे की सबसे बड़ी वजह नया मीडिया राइट चक्र है, जिसे बोर्ड ने 2023 से 2027 के सीजन के लिए 48,390 करोड़ रुपए में बेचा है। वहीं, मात्र दो सीजन पुरानी महिला लीग में बीसीसीआई ने 259 करोड़ लगाकर 636 करोड़ का मुनाफा कमा लिया है। फाइनेंशियल ईयर 2023 में बीसीसीआई का बैंक बैलेंस भी साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गया। बीसीसीआई अकेले टॉप-10 क्रिकेट बोर्डों का 85 प्रतिशत कमाता है। कमाई के मामले में दूसरे नंबर पर आस्ट्रेलिया का क्रिकेट बोर्ड 'क्रिकेट आस्ट्रेलिया' है। लेकिन उनकी और बीसीसीआई की कमाई में जमीन-आसमान का फर्क है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि वैश्विक मंच पर भारतीय क्रिकेट एक बड़ी ताकत बन चुका है।

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** सुजल सिंह (63) के शानदार अर्धशतक से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में चल रही दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर गुरुवार रात को सात विकेट से जीत दर्ज की। 192 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए, ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने शानदार शुरूआत की और दोनों सलामी बल्लेबाजों अनुज रावत और सुजल सिंह ने विपक्षी गेंदबाजों का डटकर सामना किया। दोनों सलामी बल्लेबाजों द्वारा आसानी से बाउंड्री लगाने के साथ, ईस्ट दिल्ली राइडर्स पावरप्ले के अंत में 86/0 तक पहुंच गया। रावत की शानदार पारी का अंत हो गया क्योंकि उन्हें 34 रन पर आयुष बदौनी ने आउट किया। दूसरे छोर पर सुजल ने स्कोरबोर्ड को चालू रखा। आयुष के विकेट लेने से पहले कप्तान हिम्मत सिंह (29) ने उनका साथ दिया। सुजल ने सिर्फ 19



गेंदों पर 50 रन बनाए। दिग्वेश त्रिपाठी के विकेट लेने के साथ ही उनकी पारी समाप्त हो गई। उनकी पारी में सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। इसके बाद हार्दिक शर्मा और समर्थ सेठ ने लक्ष्य का पीछा करने की जिम्मेदारी ली। दोनों के बीच 34 गेंदों पर 50 रन की साझेदारी हुई। हार्दिक ने 24 गेंदों में 38 रनों का योगदान दिया, जबकि समर्थ ने 20 गेंदों में 24 रन बनाए। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने सात विकेट और 13 गेंद शेष रहते लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। इससे पहले पारी में ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए प्रियांश आर्य और सार्थक रे ने पारी की शुरूआत की। ईस्ट दिल्ली राइडर्स को वह शुरूआत मिली जो वे चाहते थे क्योंकि सिमरजीत सिंह ने सार्थक को दो रन पर आउट कर दिया। क्रीज पर आने वाले थे कप्तान आयुष बदौनी। उन्होंने प्रियांश के साथ मिलकर 36 गेंदों पर 67 रन की साझेदारी की। बदौनी की 20 गेंदों में 32 रनों की तेज पारी, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे, ने पावरप्ले के अंत में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को 60/1 तक पहुंचने में मदद की। आयुष को प्रियांश आर्य का अच्छा साथ मिला जिन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स से स्कोरबोर्ड को चालू रखा। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने खेल में वापसी की क्योंकि मयंक रावत ने आयुष को 32 रन पर आउट कर दिया क्योंकि प्रणव पंत ने सीमा पर एक अच्छा कैच लिया। आधे चरण तक साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स का स्कोर 88/2 था। शानदार फॉर्म में चल रहे प्रियांश, वह 30 गेंदों में 50 रन तक पहुंच गए, उनकी पारी में पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे, हालांकि इसके तुरंत बाद रावत ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने खेल में वापसी की और जल्द ही चार विकेट लेकर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को बैकफुट पर धकेल दिया।

# रॉड्रिग्स के लिए टी20 विश्व कप तैयारियों का हिस्सा है डब्लूसीपीएल

**नई दिल्ली।** हंड्रेड और डब्लूबीबीएल का हिस्सा रह चुकीं जेमिमाह रॉड्रिग्स पहली बार महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्लूसीपीएल) खेलने जा रही हैं। वह इस टूर्नामेंट को टी20 विश्व कप के तैयारियों के लिए एक अहम हिस्सा मानती हैं। बुधवार से शुरू हुए डब्लूसीपीएल में वह हमवतन शिखा पांडे के साथ ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हुए मीडिया बातचीत में रॉड्रिग्स ने कहा, टी 20 विश्व कप से पहले मेरे पास यही कुछ मैच हैं। कुछ नई चीजें हैं, जिनका मैं लगातार अभ्यास कर रही थी और यहां मैं उन्हें आजमाने वाली हूं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट मुझे हमेशा उत्साहित करती है। अक्टूबर में दुबई में होने वाला टी20 विश्व कप रॉड्रिग्स का चौथा टी20 विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, मुझे यात्रा करना और अलग-अलग टीमों के लिए खेलना पसंद है। मुझे नए लोगों से मिलना और नए क्रिकेटरों को जानना अच्छा लगता है। मुझे यह जानना अच्छा लगता है कि वे अलग-अलग परिस्थितियों में अपने शरीर और दिमाग को कैसे ढालती हैं और कैसे खेलती हैं। आप जब भी क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरते हो, परिस्थितियां बदली रहती हैं। दबाव के क्षणों में ये तैयारियां बहुत काम आती हैं। मैं इस टूर्नामेंट को विश्व कप की तैयारियों की तरह देख रही हूं। इसके साथ ही यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में मदद भी करूं। कुल मिलाकर मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। रॉड्रिग्स फिलहाल भारत के लिए टी20 मैचों में नंबर पांच पर खेलती हैं, लेकिन डब्लूसीपीएल में वह नंबर तीन पर खेलती हुई दिखेंगी। क्या यह चुनौतीपूर्ण होगा? रॉड्रिग्स ने कहा, मुझे लगता है कि हर बल्लेबाज का अपना एक अलग फामूर्ला होता है। मेरे लिए परिस्थितियों को जल्दी से पढ़ना और उनके अनुसार शॉट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है। यहां पिच धीमी होंगी, तो मुझे उसके अनुसार बल्लेबाजी करनी होगी। मैं इन चीजों को लेकर हमेशा से स्पष्ट रहना चाहती हूं ताकि मेरे दिमाग में भी एक स्पष्टता रहे।




# आरसीए के तदर्थ संयोजक का कहना है कि इस साल राजस्थान प्रीमियर लीग आयोजित करने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की तदर्थ समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने कहा है कि अंतरिम संस्था के पास इस साल राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) आयोजित करने के लिए अधिकार नहीं है। संगठन में कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद, इस साल मार्च में, राजस्थान सरकार ने वैभव गहलोत की अध्यक्षता वाले आरसीए कार्यकारी निकाय को भंग कर दिया। इसके बाद, एक तदर्थ समिति का गठन किया गया, जिसमें श्री गंगानगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और भाजपा के एक विधायक बिहानी को संयोजक बनाया गया। राजस्थान प्रीमियर लीग (आरपीएल) का पहला संस्करण 2023 में आयोजित किया गया था और छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी टीमों के बीच खेला गया था, जिसमें सभी मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किए गए थे। लेकिन इस साल, दिल्ली, बंगाल, मध्य प्रदेश और पुडुचेरी जैसे अन्य राज्यों के शामिल होने के कारण लीग का आयोजन नहीं किया गया। बिहानी ने आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, ह्हमारे पास इस साल राजस्थान प्रीमियर लीग आयोजित करने का अधिकार नहीं है। चुनाव के बाद जो नई निर्वाचित संस्था आएगी, वही इसका आयोजन करेगी। लेकिन हम घरेलू क्रिकेट का आयोजन कर रहे हैं - जैसे रणजी ट्रॉफी, अंडर16, अंडर19, अंडर23 मैच और उनकी संबंधित टीम का चयन। लीग के कई विक्रेताओं को अभी भी भुगतान नहीं किए जाने के बारे में पूछे जाने पर बिहानी ने कहा, ह्हम पुरानी विवादित राशि का भुगतान नहीं करेंगे। हम केवल कर्मचारियों के वेतन और आगामी घरेलू सीजन टूर्नामेंट से संबंधित किसी भी चीज का भुगतान करेंगे। भुगतान बीसीसीआई से आएगा और सीधे खिलाड़ियों और अधिकारियों को जाएगा। हम सीधे उनके बैंक खातों का विवरण भेजेंगे, और उनकी मैच फीस, प्लस टीए और डीए सीधे वहां भेजा जाएगा। पहले भी इस तरह की अनियमितताएं होती रही हैं. टूर्नामेंट आयोजित किए गए और अधिकारियों सहित कई लोगों को भुगतान नहीं मिला। काफी समय से मजदूरों को भुगतान नहीं मिला. हमने उन्हें उनका वेतन दिया. पैसा बीसीसीआई से आया और सभी को वेतन मिला। तदर्थ समिति में बिहानी के अलावा पाली डीसीए सचिव धर्मवीर सिंह शेखावत, बीकानेर डीसीए सचिव रतन सिंह, नागौर डीसीए अध्यक्ष धनंजय सिंह खिमसर, अलवर डीसीए सचिव पवन गोयल और झुंझुनूं डीसीए सचिव हरिश्चंद्र सिंह अन्य सदस्य हैं। बिहानी ने यह भी कहा कि अब से कुछ समय बाद आरसीए के नए चुनाव होंगे।




तदर्थ समिति अभी काम कर रही है, और हम अब चुनाव कराने की तैयारी करेंगे। तीन माह के लिए तदर्थ समिति का गठन किया गया था. इसके बाद तीन महीने का एक्सटेंशन मिला. इसलिए, हम एक और विस्तार अवधि आने से पहले चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। बिहानी ने आगे बताया कि पिछली आरसीए समिति के तीन सदस्यों के खिलाफ जयपुर में एक पुलिस शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें उन पर कई वित्तीय अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। हमने पिछले शासन में हुए खातों और लेनदेन का स्वतंत्र ऑडिट भी कराया, जो 363 पृष्ठों का है।

उस ऑडिट रिपोर्ट से जो सामने आया, उसके आधार पर पिछली समिति द्वारा किए गए गलत कार्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राजस्थान अपने 2024/25 सीजन की शुरूआत रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मैचों के माध्यम से करेगा, जहां दो बार के विजेताओं को तीन पूर्व चैंपियनशिप विजेताओं विदर्भ, हैदराबाद और गुजरात के साथ-साथ उत्तराखंड, पुडुचेरी, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के साथ रखा जाएगा। बिहानी ने कहा कि विभिन्न श्रेणियों और आयु समूहों में राजस्थान टीमों की कमान संभालने के लिए एक नए कोचिंग स्टाफ की घोषणा की जाएगी। हमने साक्षात्कार के लिए कोचों और फिजियो की एक सूची तैयार की है, जिसके बाद उन्हें नियुक्त किया जाएगा। हमने विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों के नाम भी ले लिये हैं। उनका ट्रायल भी होगा और प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टूर्नामेंट के लिए चुना जाएगा।

# हिंदी भवन सभागार में रहा मुख्यमंत्री का कार्यक्रम यादगार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को हिंदी भवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान बीजेपी नेताओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया। हिंदी भवन सभागार के अंदर और बाहर बीजेपी कार्यकर्ताओं का पूरा मेला था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सभी से मुलाकात भी की ओर उनकी बात भी सुनी।

## ठक-ठक गैंग ने डॉक्टर के दो आईफोन उड़ाए

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ठक-ठक गैंग के बदमाश डॉक्टर को बातों में उलझाकर कार से दो मोबाइल ले उड़े। कुछ दूर चलने पर डॉक्टर ने आईफोन गायब देखे तो घटना का पता चला, जिसके बाद क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में शिकायत दी। गोविंदपुरम में रहने वाले डॉ. राजेश पाठक ने बताया कि वह 20 अगस्त को कार से अपने ऑफिस जा रहे थे। जैसे ही वह एबीईएस कॉलेज के पास पहुंचे तो तभी दो लोगों ने उनकी कार बहाने बनवाकर रुकवा ली। एक आरोपी ने उनके पास आकर पीछे एक्सीडेंट करके आने का आरोप लगाया। वह कुछ समझ पाते, उससे पहले ही दूसरे आरोपी ने कार की पिछली खिड़की पीटनी शुरू कर दी। वह पीछे देखने लगे तो उनके पास खड़ा बदमाश कार में रखे उनके दो आईफोन निकालकर ले गया। कुछ दूर चलने पर आईफोन गायब देख घटना का पता चला। घटना के संबंध में डॉ. राजेश पाठक ने क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में शिकायत दी। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर बदमाशों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।




## जल्द होने वाली है चौकी प्रभारियों पर कृपा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में त्यौहारी सीजन के बाद कई उपनिरीक्षकों पर चौकी वाली कृपा होने वाली है, ऐसी सूत्रों ने जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि कई टू-स्टार थाने की वेटिंग से चौकी पर और साइड लाइन से कुर्सी पर भेजे जाएंगे। वहीं बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई सिटी और देहात जोन के साथ ही ट्रांस हिंडन जोन में भी शुरू होने वाली है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों डीसीपी स्तर के साहब लोगों को एसीपी और थाना प्रभारियों ने अपनी टीम मजबूत करने के लिए कुछ नाम दिए थे। उन पर सहमति बन गई है। सुनने में आया है कि सिटी में लगभग आधा दर्जन चौकियों पर नए फेस भेजे जाएंगे। तो वहीं सुनने में आया है कि ट्रांस हिंडन और देहात में यह संख्या अधिक हो सकती है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि एक बार फिर से पुलिस अधिकारियों के पीआरओ यानी जनसंपर्क अधिकारियों पर कृपा बरस सकती है। बताया जा रहा है कि सिटी में इस मामले में मोहर लगा सकती है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि पुलिस परीक्षा और त्यौहारी




सीजन खत्म होने के बाद गाजियाबाद पुलिस सिस्टम कमिश्नरेट से 2015 बैच वाले भी जल्दी-जल्दी भेजे जाएंगे। 2015 बैच वालों की रवानी के साथ ही कई उपनिरीक्षकों के लिए चांस मिलना तय माना जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि कुछ टू-स्टार जो अपना जुगाड़ लगा रहे थे, शायद उनको भी ग्रीन सिग्नल मिल जाए। वहीं ऐसा भी हो सकता है कि जो जिले से बाहर जाने की रेस में शामिल हैं, उनमें से फिर किसी पर कुछ दिनों के लिए भरोसा जताया जाएगा देखना होगा। बीते दिनों लाइन से आउट किए गए कुछ दरोगाओं की लिस्ट आई थी। उसमें वह नाम भी शामिल थे, अब ऐसा क्यों किया गया है या उनकी छवि बदलने के लिए कि वह लाइन से नहीं फील्ड से आए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि आने वाले दिनों में किस जोन में किस चौकी प्रभारी को चांस मिलता है और कि टू-स्टार के लिए क्या वर्किंग बनती है। वहीं कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग 15 से अधिक चौकी प्रभारियों पर जल्द ही कृपा बरसाने वाली है। देखना होगा इस कृपा वाली लिस्ट में किस-किस का नाम शामिल किया जाता है और किसको अभी वेट एंड वॉच वाली स्थिति में रखा जाता है।

# कृष्ण की लीलाओं का संगम: भागीरथ पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व एक अनोखे और रंगारंग तरीके से मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान कृष्ण की लीलाओं को मंचित किया, जिसमें उनकी भक्ति और उत्साह का संचार हुआ। दही हांडी की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी भक्ति और उत्साह का प्रदर्शन किया, जो दर्शकों के लिए एक आनंदमय अनुभव था।

इस आयोजन में स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया और भगवान कृष्ण की महिमा का गुणगान किया। स्कूल के प्राचार्य, श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव ने कहा, जन्माष्टमी हमारी संस्कृति की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो हमें भगवान कृष्ण की शिक्षाओं की याद दिलाती है। हमारे विद्यार्थियों ने इस उत्सव को मनाने के लिए काफी मेहनत की है और हमें उम्मीद है कि यह आयोजन हमारे विद्यार्थियों को भगवान कृष्ण की महिमा के बारे में जानने और समझने में मदद करेगा।

स्कूल के प्रबंधक, श्रीअमिताभ शुक्लजीने कहा, हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी भगवान कृष्ण की लीलाओं को मंचित करके हमें उनकी शिक्षाओं की याद दिलाते हैं। यह आयोजन हमारे स्कूल की संस्कृति और परंपरा को मजबूत बनाता है। इस पावन अवसर पर हम भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को याद करते हैं और उनकी महिमा का गुणगान करते हैं।

# सुन्दर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद में दीक्षारंभ कार्यक्रम की हुई शुरूआत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुन्दर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कोर्सेस बी0टेक0, एम0बी0ए0, के छात्र/छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरूआत दिनांक 22 अगस्त 2024 को की गई। दीक्षारंभ की शुरूआत माँ सरस्वती के आशीर्वाद व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। संस्था के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल व उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने छात्र/छात्राओं को अपना आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य की कामना का संदेश दिया। मुख्य अतिथी एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर (आई/सी) प्रो0 (डॉ0) प्रसेनजीत कुमार ने छात्र/ छात्राओं का एस0डी0जी0आई0 के प्रांगण मे स्वागत करते हुए बताया कि अनुशासन, मेहनत व सम्पर्ण से कैसे विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से0नि0) ने विद्यार्थियों को कॉलेज के नियम व अनुशासन से अवगत कराया। प्रो0 (डॉ0) संदीप गुप्ता (डायरेक्टर) ने कॉलेज के विजन व मिशन, साधन व सुविधाओं तथा कॉलेज मे चल रहे विभिन्न कोर्सेस से अवगत कराया। प्रो0 प्रशान्त तोमर एवं प्रो0 अनूप वर्मा (परीक्षा नियंत्रक) ने छात्र/छात्राओं को डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के परीक्षा पैटर्न के बारे में बताया। असिस्टेंट प्रो0 अंशु कौशिक व आयुषी अरन ने छात्र/छात्राओं को कॉलेज, फैकल्टी व स्टाफ से परिचय कराया। इस दीक्षारंभ समारोह में सभी गणमान्य डायरेक्टर्स (डॉ0) दीपा कंवर, (डॉ0) विभा सिंह, (डॉ0) मोनिका सेंगर, (डॉ0) अवधेश प्रताप सिंह, (डॉ0) हरवीर सिंह, (डॉ0) शालिनी शर्मा, प्रो0 निखिल निगम व विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण (डॉ0) पूनम सिंह, (डॉ0) राम मिलन (डॉ0) राजिव कुमार, प्रो0 अमित भारद्वाज, सुभाष शर्मा, सुमित सिंह, गौरव सचान, (डॉ0) नीतू गुप्ता, (डॉ0) स्वाती शर्मा, ललित कुमार, शिखा गुप्ता, अनुपम, वन्दना शर्मा, साक्षी रूहेला, वन्दना भारद्वाज, निधि, गिरिश आदि मौजूद रहे।




## नगर निगम लगा रहा है जोर और सामान चुरा कर ले गये चोर

जब कभी शहर में सरकारी रकम में आग लगाने की मिसाल दी जाती है तो नाम पक्के तालाब से लेकर ठाकुरद्वारा के फ्लाईओवर का आता है। करोड़ो में आग लगी और पब्लिक के काम कुछ नही आया। पक्के तालाब पर पांच करोड़ निगम के खर्च हुये और यहां बोटिंग की बात हुई लेकिन स्वच्छता अभियान के दौरान जब अर्ली मार्निंग निगम वाले आये तो पोटिंग वाले सीन जरूर मिले। पकड़े जाने पर कह भी दिया कि खुले में कहां कर रहे हैं अब तो चार दीवारी हो गई हैं। बहरहाल रामराज के इस प्रोजेक्ट में निगम तो जोर लगा रहा है लेकिन चोर यहां से सामान चुरा कर ले गये हैं। 30 एचपी वाले पंप का सामान चोरी हो गया है। वैसे भी पहली बार चोरी नही हुई है इससे पहले भी पक्के तालाब के इसी पंप से चोर सामान ले जा चुके हैं। पांच करोड़ तो लग गये इस तालाब को ब्यूटीफुल बनाने में और अब की सरकार में चोरों को रोजगार ही मिल गया।

## तीस हजार में हो गया चाकू का घाव केवल तीस मिनट में ठीक

किस्सा शहर की एक चौकी से जुड़ा है और इस किस्से के विटनेस बता रहे हैं कि जो काम डाक्टरों से नही हो पाता वो काम दरोगा जी ने कर दिया। उन्होने तीस हजार का ऐसा मलहम लगाया कि चाकू का घाव ही गायब हो गया। तहरीर से भी चाकू का घाव गायब तो मेडिकल रिपोर्ट से भी इनजरी ही गायब हो गई। किस्सा बीच शहर की एक चौकी से जुड़ा है। एक पक्ष का कहना था कि दूसरे पक्ष ने उसे चाकू मारा है और वो चाकू लगने से घायल हो गया है। बताते है कि दरोगा जी ने डाक्टर भी फेल कर दिये और चाकू मारने वाले से लेकर चाकू से घायल होने वाला दोनो ही दरोगा जी के कायल हो गये। दरोगा जी ने ऐसा मैजिक दिखाया कि तीस हजार में चाकू का घाव तीस मिनट में गायब ही हो गया। दरोगा की कलाकारी का किस्सा शहर के बाजारों में गूंज रहा है।

## अगर हम खोल देते फाईल तो धूल में मिल जाता सारा स्टाईल

फूल वाले मेंबर के साथ भी गति अजीब ही हो गई। उसने पहले गर्दा तो उठा लिया लेकिन फिर वो बैकफुट पर आ गये और चाहते थे कि जब वो हाथ जोड़े तो मामले पर परदा ही पड़ा रहे। सड़क को लेकर वो कड़क हुये थे लेकिन जब अफसर बाबू सब मिलकर एक हुये तो सारी मड़क निकल गई। लग रहा था कि केसरिया दल साथ आयेगा लेकिन एक भी साथ ना आया। माफी के बाद निगम के बाबू ने ही कहा कि वो वार्ड की बात करेगा और हम पूरा रिकार्ड लिये बैठे हैं ऑफ द रिकार्ड। हम तो फाईल खोल देते तो सारा स्टाईल धूल में मिल जाता। वो तो ये है कि बड़े साहब से लेकर चीफ साहब तक साफ्ट हार्ट नेचर के हैं जो चार बार सॉरी बोलने पर मान भी गये। एक बार बाबू चपरासी माली से उलझ कर देख ले वो फिर देखना कैसे दिमाग ठीक करते हैं हम।

# जेलेंस्की से मिले पीएम मोदी, भारत-यूक्रेन के बीच चार समझौतों पर हुए हस्ताक्षर



**कीव।** पीएम नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ओर से बयान जारी किया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने कहा कि पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में मददगार होगा। प्रधानमंत्री मोदी युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की यात्रा पर शुक्रवार को राजधानी कीव पहुंचे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की यह पहली यात्रा है और इस दौरान वह राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ, रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री पोलैंड से कीव तक रेल फोर्स वन ट्रेन से गए, जिसमें करीब 10 घंटे का समय लगा। मोदी की दो देशों की यात्रा का यह अंतिम चरण है। भारत यूक्रेन और पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए सहयोग को तैयार-पीएम मोदी इससे पहले, पीएम मोदी ने पोलैंड में युद्ध का मैदान पर समाधान करने के बजाय संवाद की कूटनीति अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन और पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत यूक्रेन और पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए मित्र देशों के साथ हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है, क्योंकि युद्ध के मैदान पर किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता है। मोदी ने वारसॉ में अपने पोलिश समकक्ष डोनाल्ड टस्क के साथ वार्ता के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्ष हम सभी के लिए गहरी चिंता का विषय है।

### पीएम मोदी की यात्रा पर दुनिया भर की नजरें

भारत और यूक्रेन के बीच 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। रूस से जारी यूक्रेन के युद्ध के बीच पूरी दुनिया की नजरें पीएम के इस दौरे पर हैं। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा से युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने पीएम के दौरे को लेकर कहा कि हमने कई राष्ट्राध्यक्षों और सरकार प्रमुखों को इस क्षेत्र की यात्रा करते देखा है (और) हमें उम्मीद है कि ये सभी यात्राएं हमें महासभा के प्रस्तावों, अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय अखंडता के अनुरूप संघर्ष के अंत के करीब ले जाएंगी।

## पीएम मोदी और जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन संघर्ष में मारे गए बच्चों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, राष्ट्रपति जेलेंस्की और मैंने कीव में शहीदों की प्रदर्शनी में श्रद्धांजलि अर्पित की। संघर्ष विशेष रूप से छोटे बच्चों के लिए विनाशकारी है। मेरी संवेदना उन बच्चों के परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें दुख सहने की शक्ति मिले। दोनों नेताओं ने मल्टीमीडिया मार्टिरोलॉजी 'चिल्ड्रन' में खिलौने रखे और शहीद युवा यूक्रेनियन के सम्मान में एक क्षण का मौन रखा। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री उन बच्चों की याद में आयोजित की गई इस मार्मिक प्रदर्शनी से बहुत प्रभावित हुए, जिन्होंने संघर्ष में अपनी जान गंवाई। उन्होंने बच्चों की मौत पर दुख व्यक्त किया और सम्मान स्वरूप उनकी याद में एक खिलौना रखा। अभियोजक जनरल एंड्री कोस्टिन ने दोनों नेताओं को प्रदर्शनी के इतिहास और यूक्रेन के सबसे बड़े बच्चों के अस्पताल ओखमाटदित पर 8 जुलाई को हुए रॉकेट हमले के बारे में जानकारी दी। जेलेंस्की ने कहा, आज कीव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मैंने उन बच्चों की स्मृति का सम्मान किया जिनकी जान रूसी आक्रमण द्वारा ली गई थी। हर देश में बच्चे सुरक्षा में रहने के हकदार हैं। हमें इसे संभव बनाना चाहिए। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से 570 यूक्रेनी बच्चों की जान जा चुकी है, और यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। फरवरी 2022 में शुरू हुए संघर्ष के दौरान मारे गए बच्चों के लिए 'स्मरण



दिवस' मनाने के लिए जून 2022 में 'चिल्ड्रेन' मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया था। इसमें संघर्ष के दौरान मारे गए युवा यूक्रेनी लोगों के नाम और फोटो प्रदर्शित किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ गर्मजोशी से गले मिले और हाथ मिलाया, तथा अपना हाथ जेलेंस्की के कंधे पर मजबूती से रखा। ऐसे में यह इशारा चल रहे युद्ध के बीच भारत के समर्थन पर जोर देता है।

## जयशंकर ने पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को बताया ऐतिहासिक



विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली यूक्रेन यात्रा को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान पीएम मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बातचीत द्विपक्षीय संबंधों का एक हिस्सा था। जयशंकर ने बताया कि मोदी और जेलेंस्की के बीच व्यापार, आर्थिक मुद्दे, रक्षा, दवाइयां, कृषि और शिक्षा के क्षेत्रों पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा, पीएम मोदी और जेलेंस्की ने अंतर-सरकारी आयोग को विशेष रूप से व्यापार और आर्थिक संबंधों के पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का जिम्मा सौंपा। जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच मुख्य चर्चा यूक्रेन के युद्ध पर थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ओर से शांति की जल्द बहाली के लिए हरसंभव मदद देने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने बातचीत के बाद चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने बताया कि ये समझौते कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय मदद के क्षेत्रों में सहयो प्रदान करेंगे। 1991 में यूक्रेन की स्वतंत्रता के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री पहली यात्रा है और यह यात्रा कीव की रूस के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में हाल की सैन्य कार्रवाई के बीच हो रही है।

# प्रवासी भारतियों से राजनाथ सिंह बोलें अगर आप भविष्य महसूस करना चाहते हैं तो भारत आइए'

**वांशिंगटन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा आपूर्ति व्यवस्था (एसओएसए) और संपर्क अधिकारियों के असाइनमेंट के संबंध में समझौता किया गया है। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए वॉशिंगटन पहुंचे हैं। इस दौरान, दोनों देशों के बीच दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही रक्षा मंत्री ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि अगर आप भविष्य महसूस करना चाहते हैं तो भारत आइए।

### दो प्रमुख समझौते पर किए हस्ताक्षर

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें साझा कीं। साथ ही कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की वॉशिंगटन यात्रा के दौरान दो प्रमुख दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। दोनों देशों के रक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा आपूर्ति व्यवस्था (एसओएसए) और संपर्क अधिकारियों के असाइनमेंट के संबंध में समझौता किया गया है।'

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अमेरिका और भारत के बीच एक द्विपक्षीय और गैर-बाध्यकारी सुरक्षा आपूर्ति व्यवस्था (एसओएसए) पर समझौता हुआ है। वहीं, इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के तेज विकास और प्रगति पर प्रकाश



डालते हुए प्रवासी भारतीयों से भारत के लिए राजदूत के रूप में सेवा करने और इसकी वैश्विक धारणा को बढ़ाने में मदद करने का आग्रह किया।

### चार दिन की यात्रा पर

सिंह गुरुवार को चार दिन की यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा के अध्यक्ष डॉ. अदपा प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के उनसे मिलने के दौरान यह टिप्पणी की। प्रतिनिधिमंडल में सिख ऑफ अमेरिका के अध्यक्ष जेसी सिंह और अध्यक्ष कंवलजीत सिंह सोनी सहित समुदाय के प्रमुख नेता भी शामिल थे।

राजनाथ सिंह ने भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी को लेकर कहा कि अगर आप भविष्य देखना चाहते हो तो भारत आइए। अगर आप भविष्य महसूस करना चाहते हैं तो भारत आइए। अगर आप भविष्य के लिए काम करना चाहते हैं तो भारत आइए।उन्होंने भारत के तेज विकास और प्रगति को रेखांकित करते हुए प्रवासी भारतीयों से भारत के लिए दूत के रूप में सेवा करने और इसकी वैश्विक धारणा को बढ़ाने में मदद करने का आग्रह किया।

### प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर चर्चा

राजनाथ सिंह से मुलाकात के बाद प्रसाद ने उन्हें एक ऐसा नेता बताया जो जमीनी कार्यकताओं को महत्व देता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अमेरिका-भारत संबंधों और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्कों को मजबूत करने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका पर चर्चा की।

जेसी सिंह ने सिख समुदाय को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों को हल करने में सहायता के लिए रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया, जबकि कंवलजीत सोनी ने भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। बाद में, भारतीय दूतावास ने राजनाथ सिंह के सम्मान में एक सामुदायिक कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें विभिन्न जातीय और राष्ट्रीय संगठनों के नेताओं ने भाग लिया।

# 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा में चीन नहीं, अमेरिका की जीत तय करेंगे', कमला हैरिस ने देशवासियों से किया वादा

**वॉशिंगटन।** डेमोक्रेटिन नेशनल कन्वेंशन के आखिरी दिन कमला हैरिस ने पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार किया। इस दौरान अपने संबोधन में कमला हैरिस ने कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वह अमेरिका की राष्ट्रपति बनती हैं तो वह सुनिश्चित करेंगी कि 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा में चीन नहीं बल्कि अमेरिका की जीत होगी और वाशिंगटन अपने वैश्विक नेतृत्व को नहीं छोड़ेगा। इसके अलावा उन्होंने इस्राइल, यूक्रेन और नाटो के बारे में भी बात की।

### हर किसी के पास प्रतिस्पर्धा करने का मौका होगा

डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार करते हुए कमला हैरिस ने कहा कि वह एक ऐसी 'अवसर अर्थव्यवस्था' बनाएंगी, जहां हर किसी के पास प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने का मौका होगा। उन्होंने कहा, 'मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि हम अंतरिक्ष और



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भविष्य में दुनिया का नेतृत्व करें। साथ ही यह कि 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा में चीन नहीं बल्कि अमेरिका ही जीते। इसके अलावा, हम अपने वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'चाहे आप एक ग्रामीण क्षेत्र, छोटे शहर या बड़े शहर में रहते हों। राष्ट्रपति के रूप में, मैं रोजगार पैदा करने के लिए श्रम और श्रमिकों, छोटे व्यवसाय मालिकों और उद्यमियों और अमेरिकी कंपनियों को एक साथ लाऊंगी। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाऊंगी और रोजमर्रा की जरूरतों की लागत कम करूंगी।' हैरिस ने कहा कि उनकी सरकार छोटे व्यवसाय के मालिकों, उद्यमियों और संस्थापकों के लिए पूंजी तक पहुंच प्रदान करेगी। हैरिस ने कहा, 'हम अमेरिका के आवास की कमी को समाप्त करेंगे और सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सा की रक्षा करेंगे।'

### सबसे घातक लड़ाकू बल देश के पास हो : हैरिस

उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगर वह अमेरिका की कमांडर-इन-चीफ चुनी जाती हैं, तो वह यह सुनिश्चित करेंगी कि देश के पास हमेशा दुनिया में सबसे मजबूत और सबसे घातक लड़ाकू बल हो, इस्राइल के पास अपनी रक्षा करने की क्षमता हो और यूक्रेन तथा नाटो सहयोगियों का साथ न छोड़ा जाए। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्होंने कहा कि ईरान और ईरान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ अमेरिकी बलों और देश के हितों की रक्षा के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह कार्रवाई करने में कभी नहीं हिचकिचाएंगी।

### किम जोंग उन पर साधा निशाना

'मैं किम जोंग उन जैसे तानाशाहों के साथ मधुर व्यवहार नहीं करूंगी, जो ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। वे जानते हैं कि चापलूसी और एहसान के साथ हेरफेर करना आसान है। वे जानते हैं कि ट्रंप निरंकुश लोगों को जवाबदेह नहीं ठहराएंगे क्योंकि वह एक निरंकुश बनना चाहते हैं। राष्ट्रपति के तौर पर मैं अमेरिका की सुरक्षा और उसके आदर्शों की रक्षा में कभी नहीं डगमगाऊंगी। लोकतंत्र और अत्याचार के बीच स्थायी संघर्ष में, मुझे पता है कि मैं कहां खड़ी हूं।

## न्यूज डायरी

### 'राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत की दुआ कर रहा चीन', शिकागो में बोले अमेरिकी सांसद राजा कृष्णामूर्ति



**शिकांगो।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। चीन इस चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत की कामना कर रहा है। शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि चीन चाहता है कि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप जीतें। बता दें कि राजा कृष्णमूर्ति शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने वाले एकमात्र भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं।

#### चीन कर रहा ट्रंप की जीत की दुआ

राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, अमेरिका बनाम अमेरिका, यह चीन के एक शीर्ष नेता की एक पुस्तक की शीर्षक है और इसमें यह है कि वह कैसे सोचते हैं कि वह जीतेंगे। वे जानते हैं कि वे अमेरिका को तभी हरा सकेंगे, जब हम खुद को हराएंगे। उन्होंने बताया कि संसद में उनका काम चीन की अर्थव्यवस्था का अध्ययन करना है। मेरे शब्दों को याद रखें, वे डोनाल्ड ट्रंप को सौदेबाजी की टेबल पर देखना चाहते हैं, क्योंकि वह अंतहीन व्यापार युद्ध शुरू करेगा जिससे अमेरिकियों के लिए कीमतें बढ़ेंगी। वह अमेरिका में श्रमिकों को प्रशिक्षित करने वाले कार्यक्रमों में कटौती करेगा। वह अमेरिका के खिलाफ अमेरिका पर ही हमला करेगा और चीन यही चाहता है कि हम आपस में लड़ें।

अपने समुदाय के किसी उम्मीदवार को इस दौड़ में शामिल देखकर भारतीय-अमेरिकी नागरिक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। कमला हैरिस के समर्थन में उन्होंने 'कमला के साथ' टैगलाइन से एक वेबसाइट लॉन्च किया।

### दक्षिणी लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में 2 की मौत, 2 घायल

**बेरूत।** लेबनान के सैन्य सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में दो हिजबुल्लाह सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। सूत्रों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि हवाई हमलों में ऐता अल-शाब गांव के एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें दो हिजबुल्लाह सदस्य मारे गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि हताहतों को बिंट जेबील सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। सूत्रों ने बताया कि एक अलग हमले में, एक इजरायली युद्धक विमान ने दक्षिणी लेबनान के पूर्व में स्थित



म्हाइबिब शहर पर दो मिसाइलें दागी, जिसमें दो नागरिक घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमान और ड्रोन ने सुबह के समय लेबनान के 10 सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 12 हवाई हमले किए, जिसमें लगभग 20 घर नष्ट हो गए और 60 से अधिक क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने किरयात शमोना बस्ती में इजरायली सैनिकों के ढिकानों पर आत्मघाती ड्रोन के एक स्क्वाड्रन के साथ हवाई हमला किया।

# कोलकाता की घटना को लेकर ब्रिटेन में हुए विरोध प्रदर्शन, भारतीयों ने निकाला शांति मार्च

**लंदन।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए। अब ब्रिटेन में भी इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। ब्रिटेन में भारतीय छात्रों और प्रवासी संगठनों ने शांति मार्च निकाला। महिला संगठनों ने गुरुवार को लंदन में पार्लियामेंट स्क्वायर और ब्रिटेन के कई अन्य शहरों में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर शांति मार्च आयोजित किया।

### लिवरपूल में हुआ विरोध प्रदर्शन का आयोजन

कोलकाता की घटना के विरोध में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया - यूनाइटेड किंगडम (एसएफआई-यूके) ने बुधवार को लिवरपूल शहर में एक मार्च का आयोजन किया। इस दौरान लोगों ने मोमबत्तियां जलाईं और




महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का आह्वान किया। मेडिकोज वूमेन चैरिटी की डॉ. दीप्ति जैन ने कहा, 'हमें पूरी दुनिया से भारी समर्थन मिला है, जिससे साबित होता है कि अब समय आ गया है कि हम जागें, ध्यान दें, अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठें और इस मुद्दे के प्रति समर्थन और एकजुटता दिखाने के हमारे प्रयास में साथ आएं।'

### 'यह सभी छात्रों की सुरक्षा का मामला'

एसएफआई-यूके संगठन के कार्यकर्ता और लिवरपूल विश्वविद्यालय में मास्टर्स के छात्र रौनक भट्टाचार्जी ने कहा, 'इस सभा ने कई लोगों का ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने हमारे उद्देश्य को स्वीकार करने और उसका समर्थन करने के लिए रुक गए। यह केवल एक मामले के बारे में नहीं है। यह सभी छात्रों की सुरक्षा, संस्थानों की जवाबदेही और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के बारे में है। हम इस भयानक अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए तत्काल और सख्त सजा की मांग करते हैं।

उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेमिनार हॉल में ड्यूटी के दौरान 31 वर्षीय जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल घटना की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का राजनयिक पासपोर्ट किया रद्द

**ढाका।** बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दिए जा रहे 30 फीसदी आरक्षण के विरोध को लेकर पूरे देश में हुए खूनी संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आईं शेख हसीना का राजनयिक पासपोर्ट अब रद्द कर दिया गया है। बांग्लादेशी गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके सलाहकारों, पूर्व कैबिनेट सदस्यों और हाल ही में भंग हुई राष्ट्रीय संसद के सभी सदस्यों को अपने राजनयिक पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, गुरुवार को जारी किया गया यह निर्देश उनके परिवार के सदस्यों पर भी लागू होता है। अधिसूचना पर गृह मंत्रालय के वरिष्ठ सूचना अधिकारी फैसल हसन के हस्ताक्षर हैं। जिसमें राजनयिक पासपोर्ट जमा करने पर सामान्य पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया का विवरण दिया गया है। निर्देशों में यह



स्पष्ट नहीं किया गया है कि अगर कोई व्यक्ति अपना राजनयिक पासपोर्ट जमा करने में विफल रहता है तो उसके खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें, बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए देश की तमाम सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण के विरोध में एक जुलाई से प्रदर्शन की शुरूआत छात्रों ने की थी। पांच जून को ढाका हाईकोर्ट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को आरक्षण को फिर से लागू करने का आदेश दिया था।

# पाकिस्तान के पंजाब में पुलिस पर रॉकेट से हमला, 11 की मौत, कई बंधक बनाए गए

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरुवार को पुलिस टीम पर डकैतों ने रॉकेट से हमला किया। इस हमले में 11 पुलिसवालों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने इस हमले की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर रहीम यार खान जिले में यह हमला तब किया गया जब माचा प्वाइंट पर दो पुलिस मोबाइल वैन कीचड़ भरे रास्ते में फंस गईं थीं। जब तक वे वहां से निकल पाते उससे पहले ही डकैत (अपराधी) वहां पहुंच गए और उन पर रॉकेट से हमला कर दिया। हमले में कम से कम 11 पुलिसकर्मी मौके पर ही मारे गए, जबकि उनमें से कुछ को बंधक बना लिया गया और बाकी घायल हो गए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस हमले में मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को रहीम यार खान के शेख जायद



अस्पताल में भर्ती कराया। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने इस हमले का कड़ा संज्ञान लिया है। साथ ही आईजी पुलिस डॉ. उस्मान अनवर को मौके पर पहुंचकर बदमाशों द्वारा बंधक बनाए गए पुलिसकर्मियों को छुड़ाने के लिए अभियान शुरू करने का आदेश दिया। आपातकालीन निकास से निकलकर विमान के पंख पर चला गया यात्री, गिरफ्तार

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति आपातकालीन निकास से निकलकर विमान के पंख पर चला गया। इसके बाद जेट इंजन से उतरकर विमान के टर्मिनल पर चला गया। यात्री सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना सिडनी से मेलबर्न हवाई अड्डे पर पहुंची जेटस्टार फ्लाइट जेक्यू507 पर घटी। जिस समय विमान टर्मिनल गेट पर खड़ा था।

### अमेरिका व कनाडा में प्रवासन रोकेगा ब्राजील

ब्राजील उन एशियाई नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने जा रहा है जो अमेरिका और कनाडा में प्रवास करने के लिए इस दक्षिण अमेरिकी देश का इस्तेमाल करते हैं। यहां के न्याय मंत्रालय के प्रेस कार्यालय ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, हवाईअड्डे पर शरण के लिए 70 प्रतिशत से अधिक अनुरोध भारतीय, नेपाली या वियतनामी राष्ट्रीयता वाले लोगों से आते हैं। शरण चाहने वाले शेष 30 प्रतिशत में सोमालिया, कैमरून, घाना और इथियोपिया के लोग हैं। सोमवार से लागू होने वाला यह कदम एशियाई देशों के प्रवासियों को प्रभावित करेगा, जिन्हें ब्राजील में रहने के लिए वीजा की जरूरत होती है।

### एमपॉक्स के खिलाफ एहतियात बरतने के लिए सिंगापुर के एयरपोर्ट पर की जाएगी विजुअल स्क्रीनिंग

एमपॉक्स के खिलाफ एहतियात बरतने के लिए सिंगापुर के चांगी और सेलेटर एयरपोर्ट पर तापमान और विजुअल स्क्रीनिंग की जाएगी। बता दें कि स्वीडन और थाईलैंड में एमपॉक्स के एक-एक मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच), परिवहन और आव्रजन मंत्रालय और चेकप्वाइंट प्राधिकरण ने कहा कि वे सीमाओं पर इस बीमारी के खिलाफ सिंगापुर की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाएंगे। एयर चेकप्वाइंट्स पर स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी लगाई गई है।




# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर का किया भाजपाईयों ने स्वागत









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर शुक्रवार को गाजियाबाद के जिला सहकारी बैंक में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने बैंक के सभापति चौधरी कृष्णवीर सिंह से बैंक की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने सहकारिता बैंकिंग कैसे मजबूत और जनउपयोगी बनाई जाये। इसके टिप्स भी बैंक अधिकारियों को दिये। भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा को जैसे ही जानकारी मिली कि श्री राठौर गाजियाबाद में हैं, तो वो उनका स्वागत करने के लिए अपनी टीम के साथ राजनगर स्थित सहकारी बैंक पहुंचे। इस मौके पर कई संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा महामंत्री पप्पू पहलवान, वीरेन्द्र सारस्वत, कामेश्वर त्यागी, राहुल शर्मा, प्रदीप चौधरी, राजेश शर्मा, सुनील यादव, संदीप चौधरी, अमित रंजन, प्रतीक माथुर, उमेश भाटी सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आखिर कोई तो है ऐसा क्रांतिकारी

## किसान नेता राकेश टिकेट के देश विरोधी शर्मनाक बयान पर उठाई आवाज : अजय गुप्ता

### हमें गर्व है लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पर






करंट क्राइम। किसान नेता राकेश टिकेट का 22 अगस्त को भारत के विरुद्ध शर्मनाक बयान एक काला अध्याय बन गया। किसान नेता ने बांग्लादेश की तरह भारत में भी तत्ता पलट देने की बात कही और भारत के प्रधानमंत्री पीएम मोदी के लिए भी आपत्तिजनक बातें की। उन्होंने पूर्व धरने में भी किसान नेता ने खालिस्तान समर्थक टीशर्ट पहनकर, भारत के विरुद्ध पद्यंत्र रचा था जिसमें उनके खिलाफ मुकदमा भी लिखा गया। आखिर यह किसकी सह पर हो रहा है। रास्ता विरोधी अभियान में भी जाम लगने से अनेकों मरीजों की मौत हो गई। इसके जिम्मेदार भी किसान नेता है। भारत सरकार को चाहिए ऐसे व्यक्तियों पर अपनी लगाम कसके कार्यवाही करें। जिसका किसी भी विरोधी पार्टी एवं किसी भी नेता ने अपनी आपत्ति नहीं दिखाई। हमें गर्व है अपने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पर, जिन्होंने इस बयान पर बहुत नाराजगी दिखाते हुए, पीएम मोदी और सीएम योगी को लेटर लिखा और अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। किसान नेता का यह बयान राष्ट्र विरोधी ताकतों एवं अलगाव वादियों को शह देता है। किसान नेता के शर्मनाक बयान से पूरा देश उनकी निंदा करता है।

# भाजपा नेता अनमोल खन्ना के अथक प्रयास से वार्ड 94 को मिले दो ओपन जिम



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 94 में सूर्यनगर व रामपुरी में सुबह-शाम घूमने आने वाले वार्डवासियों को अब जिम करने का मौका भी मिलेगा। भाजपा नेता अनमोल खन्ना ने बताया कि वार्ड 94 में दो ओपन जिम लगवाए जा रहे है। एक जिम ए ब्लॉक रामपुरी पार्क आशियाना रेस्टोरेंट के सामने, वही दूसरा ओपन जिम ए ब्लॉक बड़ा पार्क सूर्या नगर में आरडब्ल्यूए के आग्रह से वहाँ लगाया जा रहा है। इस जिम में दस मशीनें लगी हैं। ओपन जिम की यह सौगात राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने दी है। डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सीएसआर फंड व अवंत फाउंडेशन के सहयोग से कराया जा रहा है। शुक्रवार को ओपन जिम में विभिन्न व्ययामों के लिए दस मशीनें स्थापित हो गईं। एक-दो दिन में ओपन जिम का आधार तैयार हो जाएगा। इसके बाद आम लोग इस जिम का प्रयोग कर सकेंगे।



## जो किया था, चुनाव में वादा आज किया पूरा: अनमोल खन्ना

करंट क्राइम। भाजपा नेता अनमोल खन्ना ने कहा कि मेरे द्वारा चुनाव से पहले वार्ड की जनता से वादा किया था, कि पार्कों में ओपन जिम लगे जाए गए, आज इस को पूरा किया गया है। में हमेशा जनता के साथ हु ओर वार्ड के विकास के लिए जो मुझे से होगा उसे पूरा करुगा। वार्ड में दो ओपन जिम लगने से क्षेत्र की जनता ने अनमोल खन्ना का आभार व्यक्त किया।

# जीडीए वीसी पर 83 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया

गाजियाबाद करंट क्राइम। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने जीडीए वीसी पर 83 हजार का जुमार्ना लगाया है। आयोग ने राशि पर 12 जनवरी 1990 से नौ सितंबर 2008 तक नौ प्रतिशत ब्याज के अलावा पांच हजार रुपये अतिरिक्त देने का भी आदेश दिया है। दिल्ली निवासी युगल किशोर को जीडीए ने 13 मार्च 1984 को पटेल नगर में एक आवासीय प्लॉट आवंटित किया था, लेकिन जीडीए ने कब्जा नहीं दिया। जीडीए ने पीड़ित से 4.83 लाख रुपये अधिक वसूल कर वैकल्पिक प्लॉट दिया। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि आवंटित प्लॉट पर कब्जा नहीं मिलने से कई वर्षों तक जीडीए के चक्कर लगाए। अंत में वैकल्पिक प्लॉट लेना पड़ा। पीड़ित ने नवंबर 2009 में आयोग में शिकायत की थी। आयोग ने मामले को सेवा में कमी के अंतर्गत मानते हुए जीडीए वीसी पर जुमार्ना लगाया। करीब 15 साल चली लड़ाई के बाद आयोग ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फेसबुक पर जलाई थी कौशिक भैया ने क्रान्ति की ज्वाला? मगर सुना है अब उन्होंने बुझा दिया है अपनी तमाम पोस्टों का दीप? जिनको मिल रहा था उनकी पोस्ट से अनुराग? अब वो नहीं जा पायेंगे उन पोस्टों के नजदीक? क्रान्ति की सारी पोस्ट कर दी गई हैं डिलीट? कहने वाले ने कहा कि जिसका करते हैं सबसे ज्यादा सम्मान? उन्हीं के कहने पर किया है उन्होंने ये काम? कर दी है उन्होंने अब अपने मन की ज्वाला शांत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था पार्टी कार्यालय पर? वहां पर हो रही थी राईटर राज वाले भैया की चर्चा? उन्होंने सोशल मीडिया पर डाली थी पोस्ट? लिखा था उन जैसे कार्यकर्ता को संगठन नहीं कर रहा ठीक से होस्ट? उनकी इस पोस्ट पर थी कार्यालय पर तरह तरह की चर्चाएं? कहने वाले ने कहा आज भी चार शिकायतें उनकी पार्टी कार्यालय के दराज में बंद हैं? अगर वो इतने ही कर्मठ हैं तो फिर इन शिकायतों का क्या किया जाये? जिनके घर शीशे के हैं वो कृपया पत्थर ना उठायें?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा के उपचुनाव में लगातार ऊंची हो रही है दावेदारों की लाईन? सुना है अब यहां पर अब बड़े वाले राणा जी और बड़े वाले सोम जी का भी नाम सुर्खियों में आ गया है? अब आप ही बताईये क्या किया जाये? स्थानीय ठाकुर चेहरे यहां पर अपनी दावेदारी की उठा रहे हैं आवाज? कहीं ये आवाज अगर हद से ज्यादा मजबूत हो गई? तो कोई भारी भरकम ठाकुर चेहरा कर देगा इनके अरमानों को साफ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम जब गये सहकारी बैंक? तो यहां पर हमे दिखा बिग टीकाधारी पाल भैया का जलवा? बाकी कार्यकर्ता उनको ऐसे देख रहे थे, जैसे अभी तक मिला हो सबको हलवा? सहकारी बैंक में इस दौरान सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर थे मौजूद? इनके सामने मजबूत आ रहा था नजर हमें टीकाधारी का वजूद? कमांडर के सामने तीन बार लिया उन्होंने भगवा पाल का नाम? कहने वाले ने कहा कि उनका ये जलवा देखकर हो रहे थे कई कार्यकर्ता हैरान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ ऐसा ही था शुक्रवार के दिन जल वाले सारस्वत जी का भी जलवा? उनके जलजले ने किया हुआ था सबको हैरान? जब उन्होंने सीएम के समक्ष रखा अपना मुद्दा? तो योगी जी के भी चेहरे पर थी मुस्कान? इतना ही नहीं सहकारी बैंक में जेपीएस जी ने भी प्रमुखता से सुनी उनकी बात? जल वालों में दौड़ रहा था शुक्रवार को जबरदस्त करंट? हम नहीं कर रहे हैं यहां पर मजाक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे हिंदी भवन में मौजूद? यहां पर हम देख रहे थे मुख्यमंत्री मोर्चे और प्रकोष्ठ वालों का नाम लेकर बढ़ा रहे थे उनका वजूद? यहां पर सीएम ने व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक मोहित अरोड़ा का भी पुकारा नाम? मगर वो मौके पर मौजूद नहीं थे श्रीमान? अगर वो मौजूद होते तो इस उपलब्धि पर करते बहुत ही अच्छा फील? मगर अपने परिवार के किसी महत्वपूर्ण कार्यक्रम में होने कारण वो कार्यक्रम में नहीं आ पाये? मगर जब से उन्हें पता चला है सीएम के मुख से निकला है उनका नाम? तब से वो कर रहे हैं बहुत ही अच्छा फील?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा के ओबीसी दावेदार की एक दूसरे दावेदार कर रहे हैं बहुत ज्यादा चिंता? कह रहे हैं कि हम उनको लेकर हैं कुछ ज्यादा ही परेशान? वो दावेदारी को कुछ ज्यादा ही अपने दिल पर ले चुके हैं? कहीं हो ना जायें इस वजह से उनके मनोविज्ञान को नुकसान? वो अभी से मान कर चले रहे हैं खुद को विधायक? अगर नहीं हुआ टिकट उनका तो फिर उनके हालात होंगे देखने के लायक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दावेदारी ने वो करा दिया जो हमने पिछले 15 वर्षों से नहीं देखा था यार? हमारी आंखें उस वक्त धन्य हो गईं जब शहर सीट के दावेदार मुकुल भैया ने दिए भाजपा कार्यालय पर अपने दीदार? उनकी कार्यालय में मौजूदगी को देखकर हमें हो रहा था बहुत ही अच्छा फील? सुना है उन्होंने कमांडर से भी की मुलाकात? बिना कहे ठोंकी अपनी दावेदारी की कील? हालांकि बहुत ज्यादा लंबी नहीं हुई कमांडर से उनकी मुलाकात? दोनों ने एक दूसरे से हाथ मिलाया और फिर अपनी फार्चूनर में बैठकर चले गये मुकुल भाईसाहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें हो रही है उनकी दावेदारी पर हैरानी? लाईन पार के हैं ये चेहरे, जिन्हें बताया जाता है तीन वेदों का ज्ञानी? कहने वाले ने कहा जिस वक्त शुक्ला जी ने ब्लू होकर लड़ा था चुनाव? तब इन्होंने पूरी ताकत से निभाया था इनका साथ? कहने वाले ने कहा पार्टी में रहकर ये कर रहे थे दूसरी पार्टी का काम? ऐसे में हम तीन वेदों के ज्ञानी की दावेदारी को अपना नहीं पा रहे हैं श्रीमान? जब जब होती है इनकी दावेदारी की चर्चा? तब तब इनकी रिपोर्ट संगठन वाले निकाल लेते हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात पर आप हो जाओ 100 प्रतिशत श्योर? अगर वैश्य कोटे में टिकट हुआ तो वो गोयल का होगा? इस बार कोई भी नहीं कर पायेगा उनको इग्नोर? उनके सामने नहीं टिक रहा है, बिरादरी का कोई भी दूसरा दावेदार? पार्टी के पास नहीं है उनके अलावा कोई अन्य दावेदार? कहने वाले ने कहा अब इस सवाल को भगवागढ़ का कोई भी दावेदार खुद के लिए समझ सकता है? ज्यादा खोलेंगे तो कोई होगा खुश, तो किसी का मूड हो जायेगा बेकार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।